आज का सुविचार

सबसे अच्छा मनुष्य वह है, जो अपनी प्रगति के लिए सबसे अधिक श्रम करता है।
सुकरात

दैनिक
# इंटीग्रेटेड ट्रेड
आईटीडीसी इंडिया ई-प्रेस | 2018 में स्थापित | ITDCNEWS.COM

डेवलपमेंट सेंटर न्यूज

आरएनआई नं.
MPHIN/2018/77221
डाक पंजीयन नं.
MP/BHOPAL/4-504/2020-22

वर्ष-4 अंक-330 भोपाल, रविवार 10 अक्टूबर, 2021, पृष्ठ-8, मूल्य-3 रुपए


ITDC
**पंचांग**
आश्विन शुक्ल पक्ष पंचमी, रविवार 22
विक्रम, संवत 2078

ITDC
**मौसम**

| | |
|---|---|
| सूर्योदय/सूर्यास्त | 6:15/6:02 |
| वर्षा/बादल % | 4 % |
| नमी % | 36 % |
| वायु (किमी/घ.) | 8 |
| तापमान प्रात:/रात्रि (डिग्री से.) | 34°/22° |

ITDC
**स्वर्ण दर 24 कैरेट**
प्रति 10 ग्राम/1तोला
₹ 48,480

# मुकेश अंबानी दुनिया में 11 वें नंबर के अमीर
## एलन मस्क और जेफ बेजोस के क्लब में शामिल हुए अंबानी, 100.6 अरब डॉलर हुई संपत्ति

**आईटीडीसी इंडिया ई-प्रेस/ आईटीडीसी न्यूज नई दिल्ली**
रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी टेस्ला के एलन मस्क और अमेजन के जेफ बेजोस के क्लब में शामिल हो गए हैं। मुकेश अंबानी की संपत्ति 100.6 अरब डॉलर है।

### ब्लूमबर्ग बिलिनेयर इंडेक्स की रिपोर्ट में दी गई जानकारी
ब्लूमबर्ग बिलिनेयर इंडेक्स की ओर से जारी रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। मुकेश अंबानी दुनिया में सबसे अमीर बिजनेसमैन की रैंकिंग में 11 वें नंबर पर हैं। इस साल में उनकी संपत्ति में 23.8 अरब डॉलर का इजाफा हुआ है। अंबानी का कारोबार तीन प्रमुख सेक्टर टेलीकॉम, रिटेल और एनर्जी में है। उन्होंने 2020 में 27 अरब डॉलर की रकम जियो टेलीकॉम में हिस्सेदारी बेचकर जुटाई थी।



| बिजनेसमैन | संपत्ति | कंपनी नाम |
|---|---|---|
| मुकेश अंबानी | 100 अरब डॉलर | रिलायंस इंडस्ट्रीज |
| गौतम अडाणी | 75 अरब डॉलर | अडाणी ग्रुप |
| शिव नाडार | 31 अरब डॉलर | HCL टेक |
| आर.के. दमानी | 29.4 अरब डॉलर | डीमार्ट |

### धीरूभाई अंबानी ने की थी रिलायंस की शुरुआत
रिलायंस की शुरुआत धीरूभाई अंबानी ने की थी। वे 1960 में यमन में गैस स्टेशन पर अटेंडेंट थे। उन्होंने पॉलिस्टर बिजनेस से रिलायंस की शुरुआत की। हालांकि 2002 में उनके निधन के बाद 2005 में रिलायंस दो हिस्सों में बंट गया। एक हिस्सा मुकेश के पास तो दूसरा अनिल के पास चला गया। मुकेश इस समय 64 साल के हैं जबकि अनिल अंबानी 62 साल के हैं।

### मुकेश के पास तीन बिजनेस आए
मुकेश के पास ऑयल रिफाइनिंग और पेट्रोकेमिकल का बिजनेस आया जबकि अनिल के पास पावर, फाइनेंशियल सर्विसेस और टेलीकम्युनिकेशन का बिजनेस आया। हालांकि अनिल की संपत्ति आज की तारीख में जीरो है, जैसा उन्होंने लंदन की कोर्ट में पिछले साल बताया था। उनकी तमाम कंपनियां कर्ज में डूबी हुई हैं। मुंबई में उनके हेडक्वॉर्टर पर इसी साल कर्ज न चुकाने के कारण यस बैंक ने कब्जा कर लिया।

### एलन मस्क की संपत्ति 222.1 अरब डॉलर
एलन मस्क की संपत्ति इस समय 222.1 अरब डॉलर है जबकि जेफ बेजोस की संपत्ति 190.88 अरब डॉलर है। बिल गेट्स चौथे नंबर पर हैं। उनकी संपत्ति 127.9 अरब डॉलर है। दसवें नंबर पर वारेन बफे हैं। उनकी संपत्ति 103 अरब डॉलर है। मुकेश अंबानी साल 2008 से फोर्ब्स की लिस्ट में टॉप 100 अमीर भारतीयों में पहले नंबर पर बने हुए हैं। उनकी संपत्ति इस समय 100 अरब डॉलर, यानी 7.5 लाख करोड़ रुपए हो गई है।

### रिलायंस का मार्केट कैप 16.93 लाख करोड़ रुपए
शेयर की कीमत बढ़ने से पहली बार रिलायंस इंडस्ट्रीज का मार्केट कैप भी 16.93 लाख करोड़ रुपए हो गया है। हो सकता है कि अगले हफ्ते में यह 17 लाख करोड़ रुपए को टच कर जाए। रिलायंस इंडस्ट्रीज में प्रमोटर्स, यानी मालिकों की हिस्सेदारी 50.59 फीसदी है। इसमें मुकेश अंबानी के साथ उनकी पत्नी, बेटे और बेटी के साथ उनकी मां भी हैं। प्रमोटर्स ग्रुप में कुल 48 शेयरधारक हैं। 49.41 फीसदी हिस्सेदारी जनता के पास है। कुल 676 करोड़ शेयर्स कंपनी के हैं। पिछले एक महीने में देखें तो रिलायंस इंडस्ट्रीज का शेयर 2,366 रुपए से बढ़कर 2,670 रुपए पर आ गया है।

### प्रधानमंत्री मोदी और डेनमार्क की प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिकसन के बीच मीटिंग



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और डेनमार्क की प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिकसन के बीच दिल्ली में द्विपक्षीय वार्ता के बाद एग्रीमेंट साझा हुए। फ्रेडरिकसन ने कहा कि आज हम पानी और ग्रीन ईंधन पर काम करने के लिए सहमत हुए हैं। हम स्वास्थ्य और कृषि जैसे क्षेत्रों पर भी साथ मिलकर काम करने पर सहमत हुए हैं। हमारा हरित सहयोग बहुत महत्वाकांक्षी है। वहीं, मोदी ने कहा कि हम जिस स्केल और स्पीड से आगे बढ़ना चाहते हैं, उसमें डेनमार्क की विशेषज्ञता और तकनीक बहुत महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर सकती है। भारत की अर्थव्यवस्था में आए रिफॉर्म्स विशेष रूप से मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में उठाए गए कदम ऐसी कंपनियों के लिए अपार अवसर प्रस्तुत कर रहे हैं।

### फिल्म प्रोड्यूसर इम्तियाज खत्री के घर-ऑफिस पर एनसीबी की छापेमारी
**नई दिल्ली।** क्रूज ड्रग्स पार्टी केस में NCB फिल्म प्रोड्यूसर इम्तियाज खत्री के ऑफिस पर छापेमारी कर रही है। इम्तियाज का नाम सुशांत राजपूत डेथ केस में भी आ चुका है। सुशांत की मैनेजर श्रुति मोदी के वकील अशोक सरोओगी ने बताया था कि इम्तियाज ने ही रिया चक्रवर्ती और सुशांत को ड्रग सप्लाई की थी। वहीं, कल बॉलीवुड के बादशाह यानी शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान की जमानत याचिका खारिज हो गई है, जिसके बाद उन्हें अब आर्थर रोड जेल की सलाखों के पीछे तब तक रहना होगा, जब तक उन्हें जमानत नहीं मिल जाती है। आर्यन और अन्य 5 आरोपियों को एक साथ बैरक नंबर 1 में बने स्पेशल क्वारैंटाइन सेंटर में रखा गया है। यह बैरक जेल के फर्स्ट फ्लोर पर मौजूद है।

**आर्यन खान का कबूलनामा**
# शाहरुख के बेटे ने ड्रग्स लेने की बात मानी, एनसीबी को बताया- मैं चरस पीता हूं

**आईटीडीसी इंडिया ई-प्रेस/ आईटीडीसी न्यूज नई दिल्ली**
क्रूज पर ड्रग्स पार्टी के मामले में गिरफ्तार आर्यन खान जेल में हैं। किला कोर्ट से शुक्रवार को जमानत अर्जी खारिज होने के बाद आर्यन के वकील सतीश मानशिंदे अब सेशन कोर्ट में जमानत की अपील करेंगे। इस बीच पता चला है कि आर्यन और अरबाज मर्चेंट ने एनसीबी की पूछताछ के दौरान ड्रग्स लेने की बात कबूल की है। आर्यन ने कहा है कि वे चरस पीते हैं और क्रूज पार्टी के दौरान भी चरस लेने वाले थे। एनसीबी ने अदालत में दिए पंचनामे में बताया है कि तलाशी के दौरान अरबाज ने जूते से ड्रग्स का पाउच निकाल कर दिया था। अरबाज के पास से 6 ग्राम चरस बरामद हुई थी।

**कार्रवाई से पहले एनसीबी ने एनडीपीएस की धाराएं बताईं:-** पंचनामे के मुताबिक एनसीबी अफसर आशीष रंजन प्रसाद ने आर्यन और अरबाज को पूछताछ की वजह बताई। इसके बाद प्रसाद ने दोनों को एनडीपीएस एक्ट की धारा-50 के बारे में दोनों को समझाया। एनसीबी ने आर्यन और अरबाज को ये विकल्प भी दिया कि अगर वे चाहें तो उनकी तलाशी गजेटेड अधिकारी या फिर मजिस्ट्रेट के सामने ली जा सकती है, लेकिन दोनों ने इससे इनकार कर दिया।



### आर्यन और अरबाज ने ड्रग्स होने की बात मानी
पंचनामे के मुताबिक जांच अधिकारी ने आर्यन और अरबाज से पूछा कि क्या उनके पास किसी तरह की नारकोटिक्स ड्रग्स है? जवाब में दोनों ने प्रतिबंधित ड्रग्स होने की बात कबूल की। अरबाज ने एनसीबी अधिकारियों को बताया कि उसके जूतों में चरस है। इसके बाद अरबाज ने जूतों में रखे एक जिप लॉक पाउच को खुद ही निकाल कर दे दिया। इस पाउच के अंदर काले रंग का चिपचिपा पदार्थ था। डीडी किट से इसकी जांच की गई तो पुष्टि हुई कि ये चरस है। पंचनामे के मुताबिक अरबाज ने माना कि वह आर्यन के साथ चरस का सेवन करता है।

### बायजूस ने शाहरुख खान के सभी विज्ञापन रोके
ड्रग्स केस में फंसे आर्यन खान के केस का बुरा असर अब उनके पिता शाहरुख खान के प्रोफेशन पर पड़ने लगा है। लर्निंग ऐप बायजूस ने बॉलीवुड एक्टर के सभी विज्ञापनों पर रोक लगा दी है। इतना ही नहीं शाहरुख के प्री-बुकिंग ऐड की रिलीजिंग भी नहीं की जा रही है। शाहरुख की स्पॉन्सरशिप डील्स में बायजूस सबसे बड़ा ब्रांड था। इस ब्रांड को एंडोर्स करने के बदले शाहरुख




को सालाना 3 से 4 करोड़ रुपए मिलते थे। वे 2017 से कंपनी के ब्रांड एंबेसडर हैं। इसके अलावा उनके पास ICICI बैंक, रिलायंस जियो, LG, दुबई टूरिज्म, हुंडई जैसी करीब 40 कंपनियों का एंडोर्समेंट हैं। आर्यन की गिरफ्तारी के बाद सोशल मीडिया पर शाहरुख की ट्रोलिंग शुरू हो गई थी। लोगों ने ब्रांड्स को भी टारगेट करना शुरू कर दिया था, जिनका विज्ञापन शाहरुख करते हैं।

# कांगो में यात्रियों से भरी नाव नदी में पलटी; 100 से ज्यादा लोग डूबे, 51 शव बरामद



**आईटीडीसी इंडिया ई-प्रेस/ आईटीडीसी न्यूज नई दिल्ली**
डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो में नाव के पलटने से 50 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई और करीब 60 लापता हैं। यह हादसा कांगो नदी में हुआ। उत्तर पश्चिमी प्रांत मोंगाला के गवर्नर के प्रवक्ता नेस्टर मैगबाडो ने बताया कि 51 शवों को बरामद कर लिया गया है, जबकि 60 से ज्यादा लोग अभी भी लापता हैं। इस हादसे में 39 लोग सुरक्षित भी बचे हैं।



# चलती ट्रेन में गैंगरेप : लखनऊ-मुंबई पुष्पक एक्सप्रेस में 20 साल की महिला से हुई ज्यादती, 4 आरोपी गिरफ्तार

### यात्रियों से लूटपाट भी की थी
**आईटीडीसी इंडिया ई-प्रेस/ आईटीडीसी न्यूज नई दिल्ली**
महाराष्ट्र में लखनऊ-मुंबई पुष्पक एक्सप्रेस में 20 साल की महिला से गैंगरेप का मामला सामने आया है। इस मामले में शनिवार को चार आरोपी गिरफ्तार किए गए हैं। वहीं चार आरोपियों की तलाश जारी है। महिला अपने पति के साथ यात्रा कर रही थी। मुंबई GRP कमिश्नर कैसर खालिद के ने बताया कि इगतपुरी से पुष्पक एक्सप्रेस में 8 बदमाश सवार हुए थे, उन्होंने चलती ट्रेन में पहले लूटपाट की और फिर एक महिला से दुष्कर्म किया। ये घटना शुक्रवार रात की बताई जा रही है। इस मामले में कल्याण रेलवे पुलिस स्टेशन में केस दर्ज किया गया है। रेलवे पुलिस के मुताबिक आरोपी औरंगाबाद रेलवे डिस्ट्रिक्ट में पड़ने वाले इगतपुरी से स्लीपर बोगी के कोच नंबर डी-2 में सवार हुए थे।

# 5 दिन में दूसरी बार डाउन हुए एफबी-इंस्टा : फेसबुक और इंस्टाग्राम ने यूजर्स से माफी मांगी, कहा - धैर्य बनाए रखने के लिए फिर से धन्यवाद

**आईटीडीसी इंडिया ई-प्रेस/ आईटीडीसी न्यूज नई दिल्ली**
सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक और इंस्टाग्राम शुक्रवार की रात एक बार फिर डाउन हो गए। इस आउटेज पर कंपनी ने कहा कि कंप्यूटिंग प्लेटफॉर्म में आई तकनीकी खराबी के चलते ये दोनों प्लेटफॉर्म डाउन हो गए। इसी वजह से कई यूजर्स को परेशानी का सामना करना पड़ा। 5 दिन के अंदर फेसबुक आउटेज का ये दूसरा मौका है। इससे पहले 4 अक्टूबर की रात को फेसबुक के साथ इंस्टाग्राम और वॉट्सऐप 6 घंटे से भी ज्यादा देर के लिए डाउन हो गए थे। इस बार फेसबुक आउटेज का असर भारत में नहीं हुआ। जिन देशों में फेसबुक और इंस्टाग्राम डाउन हुए उनमें अमेरिका, ब्रिटेन,




पोलैंड और जर्मनी के कुछ हिस्से शामिल रहे। सर्वर डाउन होने के बाद ट्विटर पर #instagramdownagain हैशटैग भी ट्रेंड करने लगा। फेसबुक और इंस्टाग्राम भारतीय समय अनुसार रात 12:11 बजे पर डाउन हुए थे। इस दौरान इंस्टाग्राम यूजर्स को फीड रिफ्रेश करने में मुश्किल आ रही थी। इसके साथ ही फोटो अपलोड करने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था।

### फेसबुक ने खेद जताया
सप्ताह भर के अंदर आए दूसरे आउटेज के लिए फेसबुक ने माफी मांगी है। फेसबुक ने रात 2:47 पर माफी मांगते हुए कहा कि कुछ लोगों को हमारे ऐप्स और वेबसाइट तक पहुंचने में समस्या हो रही है। अगर आप हमारी सर्विस इस्तेमाल नहीं कर पा रहे, तो हमें खेद है। हम जानते हैं कि आप एक दूसरे के साथ बातचीत करने के लिए हम पर कितना निर्भर हैं। अब हमने समस्या को हल कर दिया है। इस बार भी अपना धैर्य बनाए रखने के लिए फिर से धन्यवाद। इधर इंस्टाग्राम ने भी अपने यूजर्स से माफी मांगते हुए लिखा कि आप में से कुछ लोगों को अभी इंस्टाग्राम का इस्तेमाल करने में कुछ समस्या हो रही होगी।



आईटीडीसी
# Classifieds
## वर्गीकृत एवं लघु विज्ञापन

ITDC-VACANCY 29 STATES ATTENTION Do continue reading

### ITDC प्रॉपर्टी/बेचना

प्लाट बेचना है 1000 स्क्व्यर फीट स्वदेश नगर थाना अशोका गार्डन के पीछे भोपाल कांटेक्ट नंबर- 9893962422, 7000859059

Prime property sale at polytechnic Square 8000 Sqfeet arera colony 11000 Sqfeet Corner chunabhatti 18000 Sqfeet plot main road & 4000 Sq feet Belding corner please contact 7987423633

बेचना है जंहागीराबाद की प्राइम लोकेशन पर रम्भा सिनेमा के पास 1230 sqft प्लाट पे 2 मंजिला मकान 10 कमरों के साथ मात्र 53 लाख मे संपर्क करें 7835920099

तुरंत बेचना है 18 लाख मे 2 BHK घर, कवर्ड कैंपस ग्लेक्सी सिटी अवधपुरी में, हबीबगंज रेल्वे स्टेशन 6.5 K M दुरी संपर्क, 8889911680,7611127324 ,7611106304

डुप्लेक्स मकान बेचना एसओएस बालग्राम वाली मैनरोड पर शिवलोक फेस-4 के पास कवर्ड कैंपस कॉलोनी में नया बना कीमत मात्र 30 लाख संपर्क 626444558, 6266978675.

बेचना है, डीप फ्रिज़र (वोल्टाज) ब्रांड न्यू 3 महीने पुराने, 500 ली. केपेसीटी (7 नग) रूपये 25000/- प्रति नग सम्पर्क 7000735468

For Immediate sale 2 BHK + furnished flat, vitrified tiles, modular kitchen, wardrobe, CCTV camera, parking, secured campus, Vardhman Green Park Ashoka garden call 9425028873

प्रोपर्टी खरीदना है भोपाल नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत प्लाट 1500-3000 Sqft, की ऑफिस चाहिये, 9451371422, 9329334701

5BHK + 3 Caqr parkings B1/501 (Brand new flat) For sale- Paras Urbane Park Bawadia kala (2Km from aura Mall)-(Saparate Servant Entry ) 9893262222

5000 वर्गफीट का फार्महाउस बेचना फॉरचून लैंडमार्क मिसरोद से 2 किलोमीटर दूरी पर 30 फिट सीमेंट रोड पर कीमत 800 वर्गफीट 9174029757, 9340628575

### ITDC प्रॉपर्टी/रेन्ट पर

With 2AC, 2 bhk fully furnished in Rohit Nagar Rent 14500/- Contact@ 8962643902, 8965979432.

1st Floor for rent in E1 Arera Colony. 3 BDHK. Attached backyard. 24 hours water supply & 1 car parking. Rent 24k/month. Priority for family. Mob. 9325522818

किराये से देना शॉप 670 स्क्वायर फीट शॉप नंबर-42 ग्राउंड फ्लोर की आकृति बिजनेस सेंटर, रोहित नगर मेन रोड, बावड़िया कला भोपाल मो 9993418989, 7000155290

किराये से देना है, MIG-198, इन्दीरा नगर (मकोडिया आम) आगर रोड, उज्जैन 1 BHK, लेटबाथ, सम्पूर्ण मकान खुला हुआ है 7000735468

For Rent Available 10no. main market, Arera colony, near SBL Main Road Front Ground Floor Showroom 756sqft Contact – 9893022224

2BHK फर्निश्ड ग्राउंड फ्लोर. किराये से देना है कवर्ड कैंपस वर्धमान ग्रीन पार्क कॉलोनी अशोका गार्डन 24घंटे पानी. पार्किंग सर्वसुबिधायुक्त, फैमिली को प्राथमिकता 9826225200

3BHK Semi furnished Corner flat for rent in E-8 Ext. Bawadia kalan Near aura mall secured campus with all morden amenities 9826974630

To-Let 2 BHK semi furnished flat at 5th floor 24 hrs security at mahadev Aparthment opp board office MP nagar Rent- 23000 Contact 8889996171

98 Rohit Nagar – 1, Big 2BHK ground floor of independent house with 24hrs water for service class , pure vegetarian family only. Contact – 9620020829, 9827328523

Tolet मैंन अयोध्या बाईपास रोड पर रिंगाल ट्रेजर के पास 3200 वर्गफुट कमर्शियल स्पेस रेस्टोरेंट, बैंक ऑफिस, शोरूम, कोचिंग 9993902345, 9425008604

### ITDC JOB आवश्यकता

Work from home part/full time work opportunity. Work (3-4), Students, Job person, housewives, businessman can apply. For more details call 9039890418, 9109793667

Urgently Requirement in Green Land Survey Sultaniya Road Kohefiza Bhopal. Work in Autocad Software 2D (Female), Total Station & DGPS Operator, Tally Calling (Female) Mob. 8435999875 (Mohammad Zeeshan)

### ITDC घोषणायें

I, Vandana Sharma D/o Shri Rakesh Kushwah R/o Gram Bichhiya, Teh Nateran, Distt Vidisha, self-declare that my earlier name was Vandana Kushwah & after marriage it is changed to Smt Vandana Sharma W/o Shri Rajeev Sharma. Be known to all in general & concerned.

I, Mahendra Pal, (Army No. 15391408P), R/o Ujjain, declare that in my army record, my daughter name was entered as "BHOOMI PAL". This note is

### ITDC व्यापार

मेकइन इंडिया ऊद्योग करें 15000/- - 56000/- प्रतिमाह कमाए 300 प्रकार क्र हार्डवेयर प्रोडक्ट बनाकर हमे बेचें माल लेनदेन कोर्ट एग्रीमेंट B - 30, गिरनारवेली अयोध्या बाइपास भोपाल 8827683225, 8349961787.

डिस्पोज़ल, चार्जर, कवर, मास्क, गिलास, चपल -जूता, कपडे की फेक्टरी लगवाएं (कचे मलाले तैयार मालदे ) लाखों कमाए, ब्रांच फ्री 9050513766

स्वदेशी गृहउघोग लगायें सामान बनाकर हमें दें 10000/- से 45000/- तक घर के कार्य करके कमाये फ्री ट्रेनिंग, कोर्ट अग्रीमेंट के साथ 270/2, सक्तिनगर भोपाल 9111114876

Classifieds

98 26 22 00 22

मध्य भारत का विश्वसनीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
इंटीग्रेटेड ट्रेड डेव्हेलपमेंट सेंटर न्यूज़

**DISPLAY CLASSIFIEDS**
**10x04**cms @ 5,000/-
**05x04**cms @ 3,000/-

**RUNNING CLASSIFIEDS**
Run on line @ 1,000/- (40words)
MonthlyROL @ 10,000/- (monthly)

**MATRIMONY CLASSIFIEDS**
4cms(W) x **10**cms (H) @ 3,000/-
Run on line (40words) @ 1,000/-

**OBITUARY/CONDOLENCE**
8cms(W) x **10**cms (H) @ 3,000/-
4cms(W) x **10**cms (H) @ 2,000/-

**Public/Court Notice 4x10 cm**
@ 3000/- above length sqcm

### ITDC JOB आवश्यकता

आवश्यकता है दुकान पर कार्य करने हेतु लड़के / लड़कियों की जो की दुकान पर से सेल्स कार्य कर सके वेतन योग्यतानुसार सम्पर्क – 9303130069, 9827494909

Urgent required Female Office Assistant, (Graduate) office in Maharana Pratap Nagar, Knowledge of computer (Excle) is must. Salary 8000/- Forward Biodata, Mobile :9111930111.

आवश्कता है सेल्समेन एवं मार्केटिंग मेनेजर की अनुभवी को प्राथमिकता स्वयं का दोपहिया आवश्यक, एवरेस्ट रिसोसेंज , होटल वाव, अयोध्या बायपास भोपाल संपर्क - 9206669999, 9425009983

### ITDC शिक्षा

क्लास 9 से 12 तक मैथ्स एव फिजिक्स क्लासेस 25 वर्ष के अनुभवी प्रोफ़ेसर संजय कलरैय्या द्वारा मार्गदर्शन संपर्क D K 3 / 1/39 वेरोनिका अपार्टमेंट (नियर जैन मंदिर), दानिशकुंज कोलाररोड 9907390336, 9424454002

Spoken English Classes. Contact –The Proficient, FF-07, Dadaji Avenue, Above Raymond Showrox`om, Chuna Bhatti, Kolar Road, Bhopal. Mobile- 9993961503

CHEMISTRY by 19 Years Experienced Turor With M.Sc., B.Ed. For NEFT. JEE (Main+adv) (9,10,11,12 of ISC, ICSE, CBSE, MPBSE) with Free Counseling

### ITDC सेवायें

मुद्रा फाइनेंस जनधन द्वार समस्त लोन 1,00,000- 90,00,000 तक 2% ब्याज 5% छूट पर महिलाओं हेतु विशेष छूट 8989273203

घर बैठे सोफा रिपेयरिंग सोफ़ा चेयर कारपेट ड्राईक्लीनिग, सोफ़ा का कपडा फॉमकुशन बदलवाए, नया सोफ़ा कुशल कारीगरों द्वारा बनवाये वुडनपोलिश, रुपेश 9893266312, 9039230380

वाटरहिट (प्रोफिंग प्रोसेस द्वारा अच्छी एस केमिकल्स, एसपेंट ट्रीटमेंट, प्रेशर ग्राउंडिंग हर मौसम सीपेज लीकेज नए पुराने बंगलो, छत, दीवाल कंपनी द्वारा करवाये| शासकीय, प्राइवेट हेतु मटेरियल उपलब्ध, धोखाधडी से सावधान 9827733954, 9406543722

**Shop for Sale:**
Inside Complex,
10x11 fts,
ground floor,
DIG Bungalow,
Berasia Road,
Bhopal
Mb 7000831264,
9752705333

**To let Shop:**
Inside Complex,
10x14 fts,
ground floor,
Arera Colony,
10 No Market,
Bhopal
Mb 7000831264,
9752705333


BOOK YOUR TICKET IN 60 SECONDS



AIR
TRAIN
BUS

JUST CLICK
www.bookmyticketonline.in





ITDC
VACANCIES

## खबर की खबर

## अनूपपुर: अमरकंटक में आयुष वन का किया शुभारंभ

अमरकंटक में पूरे पारिस्थितिक क्षेत्र में अनेकों प्रकार की जड़ी बूटी प्राकृतिक रूप से पाई जाती है जो निश्चित रूप से मां नर्मदा के प्रवाह का परिणाम है, अमरकंटक के आसपास का क्षेत्र वनों से आच्छादित है, वनों के संरक्षण संवर्धन के लिए केंद्र एवं राज्य सरकार संकल्पबद्ध होकर कार्य कर रही है।

शनिवार को केन्द्रीय वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री अश्विनी चौबे अमरकंटक के जमुनादादर में आयुष वन स्थापना एवं शिलान्यास कार्यक्रम को सम्बोंधित कर रहे थे। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष रूपमति सिंह, संतगण व भारत सरकार के वन महानिदेशक सुभाष चंद्रा, प्रदेश के वन वन प्रमुख रमेश कुमार गुप्ता, वन संरक्षक शहडोल प्रभात कुमार वर्मा ,एपीसीसीएफ चितरंजन त्यागी, वनमंडलाधिकारी अनूपपुर एए अंसारी,एसडीएम पुष्पराजगढ़ अभिषेक चौधरी, एसडीओ वन पुष्पराजगढ़ मान सिंह मरावी, पूर्व विधायक सुदामा सिंह, राम दास पुरी, बृजेश गौतम,नगर पंचायत अमरकंटक की अध्यक्ष प्रभा पनाढिय़ा, धर्मेन्द सिंह, रामअवध सिंह सहित वन पर्यावरण प्रेमी उपस्थित रहे।

केंद्रीय वन पर्यावरण राज्य मंत्री ने कहा कि अनूपपुर जिला विलक्षण जिला है यहां का वन आच्छादित क्षेत्र व नर्मदा की कृपा अद्भुत है। उन्होंने लोगों से वन नदी के संरक्षण के लिए सतत जुटकर क्षेत्र को वनों से हरा-भरा बनाए रखने का आव्हान किया है।

उन्होंने कहा कि प्रकृति की रक्षा जो करेगा उसकी रक्षा प्रकृति करेगी। अमरकंटक क्षेत्र में पाए जाने वाली जड़ी बूटियों के संबंध में कहा कि प्राकृतिक जड़ी बूटी के संरक्षण की जिम्मेदारी सभी की है, वन्य प्राणी, जड़ी बूटी, नदी और वन पर्यावरण का संरक्षण जरूरी है। सभी से वन संरक्षण एवं संवर्धन की अपील की।

मंत्री ने कहा कि देशभर में 400 नगरों में नगर वन, आयुष वन की तर्ज पर स्थापित किए जाएंगे। जिसमे स्कूल नर्सरी में पौधा उगाने के लिए आर्थिक सहायता देने व इको टूरिज्म को बढ़ावा देने की भी बात कहीं। अमरकंटक क्षेत्र में औषधि प्रजातियों का संरक्षण मूल रूप से इस पूरे परिस्थितिकिय क्षेत्र को नया जीवन प्रदान करेगा। मध्य प्रदेश वन विभाग की इस पहल को सराहनीय बताते हुए कहा कि आयुष वन की स्थापना स्वयं में एक ऐसा प्रबंधन है जिसमें हम बहुत से आमजनों को जोड़ सकते हैं।

आयुष वन में लगाए जाएंगे 500 औषधि पौधे

राज्य मंत्री अश्विनी कुमार चौबे जी ने पवित्र नगरी अमरकंटक स्थित जमुना दादर में आजादी का अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में आयुष वन की स्थापना का शिलान्यास कर आयुष वन में औषधि पौधा गरुण को रोपकर पर्यावरण संरक्षण का जन-जन को संदेश दिया। उन्होंने आम लोगों से पौधे रोपने एवं उनके संरक्षण का आव्हान किया। इस दौरान संतगण, वन विभाग के केंद्रीय एवं राज्य स्तरीय अधिकारी, जिला प्रशासन के अधिकारी, जनप्रतिनिधि गण और वन एवं पर्यावरण प्रेमी उपस्थित थे। आयुष वन में 500 औषधीय पौधो का रोपण किया जायेगा। जिसमें रुद्राक्ष, गरुण, कुंभी, मैगा, दहिमन, हर्रा, बहेरा, आंवला, सतावर, सतावरी, वनमक्का, केवकंद, नागकुश पौधो का रोपण किया गया। मंत्री ने कार्यक्रम स्थल पर वन विभाग द्वारा लगाई गई औषधीय प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए वैद्य गणों से चर्चा की।

नर्मदा मन्दिर में पूजा अर्चना कर नागरिकों के सुख समृद्धि की कामना की

मंत्री अश्विनी कुमार चौबे ने पवित्र नगरी अमरकंटक के श्रीनर्मदा उदगम एवं मन्दिर में दर्शन पूजन अर्चना कर नागरिकों की सुख समृद्धि की मंगल कामना की। इस अवसर पर वन विभाग के केंद्रीय एवं राज्य स्तरीय अधिकारी, जिला प्रशासन के अधिकारी, जनप्रतिनिधि गण और वन एवं पर्यावरण प्रेमी उपस्थित रहे।




खबर, केवल खबर होती है
आपका अखबार है
सटीक, सच्ची, सारगर्भित,
खबर की तह तक,
ख़बरें वही,
जो आपकी जरुरत

PRESS ITDC NEWS
www.itdcindia.com

## न्यूज ब्रीफ

### कुछ अहम सवाल:टाटा की हुई एयर इंडिया, लेकिन एंप्लॉयी और हज प्लान का क्या होगा?



**नई दिल्ली।** एअर इंडिया जो लगभग 15 साल से घाटा दे रही थी, अब टाटा ग्रुप की हो गई है। ऐसे में अब कंपनी के कारोबारी तौर-तरीकों में काफी बदलाव आने वाला है। जहां तक एंप्लॉयीज की बात है, तो सभी एक साल तक कंपनी के पेरोल पर बने रहेंगे। लेकिन सर्विसेज का क्या होगा जो वह सरकार को दिया करती थी, यह एक दिलचस्प सवाल है। आइए ऐसे सवालों का जवाब एक-एक कर ढूंढते हैं।

#### एंप्लॉयीज

सबसे पहले एअर इंडिया के रिटायर्ड और मौजूदा एंप्लॉयीज की बात करते हैं। उनको और उनके परिवार के सदस्यों को मिलने वाले फ्री ट्रिप कम हो जाएंगे। रिटायर्ड एंप्लॉयीज को मिलने वाले हेल्थ इंश्योरेंस की फैसिलिटी सरकारी स्कीम या किसी बीमा कंपनी में ट्रांसफर की जाएगी। ऐसे में इंश्योरेंस कवरेज के लिए उन्हें अपनी जेब से कुछ रुपए निकालने होंगे।

#### VVIP ट्रैवल

अब VVIP ट्रैवल का क्या होगा, एक सवाल इससे जुड़ा है। सरकार ने राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और प्रधान मंत्री की यात्रा के लिए तीन बोइंग 777 प्लेन खरीदे हैं। इंडियन एयरफोर्स इन प्लेंस के मैनेजमेंट और मेंटेनेंस का काम देखती है। इसके पायलटों को इन प्लेंस को ऑपरेट करने की ट्रेनिंग दी जा रही है। PM जिस प्लेन से हवाई यात्रा करते हैं, उसका नाम एयर इंडिया वन ही रह सकता है।


#### इवैकुएशन प्लान

विदेश में फंसे नागरिकों को निकाल लाने के सरकारी अभियानों का क्या होगा, यह सवाल भी अहम है? एअर इंडिया सरकारी कंपनी थी इसलिए ऐसे आपात कार्यों में एयर इंडिया को लगाया जाता था। लेकिन इनके लिए भरी जाने वाली उड़ानों के लिए कंपनी को भुगतान किया जाता था। एअर इंडिया के सरकारी कंपनी नहीं रह जाने पर ऐसे काम के लिए प्राइवेट एयरलाइंस की मदद ली जा सकती है।

# इस फेस्टिवल सीजन कई बैंक होम लोन पर दे रहे खास ऑफर, बैंक ऑफ बड़ौदा और कोटक महिंद्रा बैंक 6.50 फीसदी ब्याज पर दे रहे कर्ज

**आईटीडीसी इंडिया ई-प्रेस/ आईटीडीसी न्यूज नई दिल्ली**

अगर आप होम लोन लेकर घर खरीदने का प्लान बना रहे हैं तो यह इसके लिए सही समय हो सकता है। देश के कई बैंक इन दिनों होम लोन पर खास ऑफर दे रहे हैं। बैंक ऑफ बड़ौदा और कोटक महिंद्रा बैंक फेस्टिवल ऑफर के तहत 6.50 फीसदी पर होम लोन दे रहे हैं। आज हम आपको बता रहे हैं कि कौन-सा बैंक इस समय क्या ऑफर दे रहा है।




**बैंक ऑफ बड़ौदा:-** बैंक ने त्योहारी सीजन में होम लोन ब्याज दर को घटाकर 6.50 फीसदी कर दिया है। नई ब्याज दर का फायदा नए लोन के अलावा दूसरे बैंक से ट्रांसफर होकर आए होम लोन पर भी मिलेगा। इस ऑफर का फायदा 31 दिसंबर तक मिलेगा। अधिक जानकारी के लिए यहां क्लिक करें

**स्टेट बैंक ऑफ इंडिया:-** स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने त्योहारी सीजन में नया धमाका पेश किया है। बैंक ने कहा है कि अब 75 लाख रुपए तक के होम लोन पर ब्याज की दर एक समान रहेगी। ब्याज की दर 6.70 फीसदी रहेगी। पहले अलग-अलग लोन अमाउंट पर अलग-अलग ब्याज दर लगती थी। अधिक जानकारी के लिए यहां क्लिक करें


#### कोटक महिंद्रा बैंक

कोटक महिंद्रा बैंक ने भी इस त्योहारी सीजन में होम लोन की ब्याज दर में 15 BPS (बेसिस प्वाइंट) की कटौती की है। अब होम लोन के ब्याज की नई दर 6.50 फीसदी सालाना होगी। यह ऑफर 8 नवंबर तक रहेगा। नई ब्याज दर नए होम लोन के साथ उन होम लोन पर भी लागू होगा, जो किसी और बैंक से ट्रांसफर होकर कोटक में आएगा। अधिक जानकारी के लिए यहां क्लिक करें

#### ICICI बैंक

ICICI बैंक ने त्योहारी बोनांजा पेश किया है। इसमें होम लोन पर केवल 1,100 रुपए प्रोसेसिंग फीस लगेगी। होम लोन 6.70 फीसदी ब्याज पर मिलेगा। बैंक ने कहा कि एक अक्टूबर से फेस्टिव बोनांजा के तहत ग्राहक ऑफर का फायदा ले सकते हैं। ग्राहक अगर किसी और बैंक का लोन ICICI बैंक में ट्रांसफर करता है तो भी ये फायदा उसे मिलेगा। अधिक जानकारी के लिए यहां क्लिक करें HDFC ने फेस्टिव सीजन को देखते हुए होम लोन की दरों में कटौती की है। जिसके तहत ग्राहक 6.70 फीसदी सालाना की शुरुआती ब्याज दर पर होम लोन ले सकेंगे।

# टेस्ला से सरकार ने कहा : चीन में बनी कारें भारत में न बेचें, यहीं प्रॉडक्शन करें और विदेश भी भेजें, सरकार देगी हरसंभव सहायता




**आईटीडीसी इंडिया ई-प्रेस/ आईटीडीसी न्यूज नई दिल्ली**

सरकार भारत में इलेक्ट्रिक कारें बनाने के लिए टेस्ला से कई बार कह चुकी है। इसके लिए कंपनी को हरसंभव सरकारी मदद देने का भरोसा भी दिया गया है। यह बात केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने शुक्रवार को इंडिया टुडे कॉन्क्लेव 2021 में कही। इस मौके पर गडकरी ने यह भी कहा कि टाटा की इलेक्ट्रिक गाड़ियां टेस्ला की गाड़ियों से कम नहीं हैं।

#### चीन में बनी इलेक्ट्रिक गाड़ियां भारत में न बेचे

गडकरी ने कहा, मैंने टेस्ला से कहा है कि वह चीन में बनी इलेक्ट्रिक गाड़ियां भारत में न बेचे। उसे अपनी गाड़ियां भारत में बनानी चाहिए और उन्हें यहीं से एक्सपोर्ट करना चाहिए। आपको (टेस्ला) जो भी मदद चाहिए, हमारी सरकार मुहैया कराएगी। टेस्ला ने इंडिया में इलेक्ट्रिक गाड़ियों पर लगने वाले इंपोर्ट टैक्स के रेट में कमी करने की मांग की है।

#### इंपोर्टेड गाड़ियों पर 60 से 100 पर्सेंट तक का टैक्स

केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री ने कहा कि टैक्स में छूट की मांग को लेकर टेस्ला के अधिकारियों से उनकी बात चल रही है। पिछले महीने भारी उद्योग मंत्रालय ने भी टेस्ला से कहा था कि वह पहले भारत में अपनी इलेक्ट्रिक गाड़ियां बनाना शुरू करे। उसे टैक्स में रियायत देने पर विचार उसके बाद ही किया जाएगा। अभी इंपोर्टेड गाड़ियों पर 60 से 100 पर्सेंट तक का टैक्स लगता है।

#### 110 फीसदी का टैक्स इलेक्ट्रिक गाड़ियों के लिए नुकसानदेह

सड़क मंत्रालय को लिखे पत्र में टेस्ला ने कहा है कि 40,000 डॉलर से महंगी गाड़ियों पर 110 फीसदी का टैक्स लगना जीरो एमिशन गाड़ियों के लिए नुकसानदेह है। उसने सरकार से अनुरोध किया है कि इलेक्ट्रिक गाड़ियों के इंपोर्ट पर 10 फीसदी के सोशल वेल्फेयर सरचार्ज बिना अधिकतम 40 फीसदी का टैक्स लगाया जाए। टेस्ला का कहना है कि इस तरह के बदलाव किए जाने से देश में इलेक्ट्रिक गाड़ियों के इकोसिस्टम के डेवलपमेंट को बढ़ावा मिलेगा। कंपनी ने कहा है कि वह भारत में सेल्स, सर्विस और चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर पर बड़ा निवेश करेगी। टेस्ला ने यह भी कहा है कि वह अपने ग्लोबल बिजनेस के लिए भारत से सामान की खरीदारी में भारी बढ़ोतरी करेगी।

### सभी वर्टिकल में ग्रोथ

# टीसीएस 6 महीने में 35 हजार लोगों की करेगी भर्ती




#### अप्रैल से सितंबर के बीच 43 हजार को दी नौकरी

**आईटीडीसी इंडिया ई-प्रेस/ आईटीडीसी न्यूज नई दिल्ली**

देश की सबसे बड़ी सॉफ्टवेयर निर्यातक कंपनी टाटा कंसलटेंसी सर्विसेस अगले 6 महीने में 35 हजार फ्रेशर्स की भर्ती करेगी। अप्रैल से सितंबर के बीच कंपनी ने 43 हजार लोगों को नौकरी दी थी। कंपनी का शेयर शुक्रवार को 3,935 रुपए पर बंद हुआ जबकि मार्केट कैप 14.55 लाख करोड़ रुपए रहा।

#### 78 हजार फ्रेशर्स की भर्ती का लक्ष्य

टीसीएसने वित्त वर्ष 2021-22 यानी इस साल अप्रैल से अगले साल मार्च तक 78 हजार फ्रेशर्स की भर्ती का लक्ष्य रखा है। हालांकि जितने कर्मचारियों ने नौकरी छोड़ी और जितने कर्मचारियों की भर्ती हुई, अगर उस हिसाब से देखें तो केवल 19 हजार फ्रेशर्स ही बढ़े हैं। दूसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर) के दौरान कंपनी की सभी वर्टिकल और मार्केट्स में दो अंकों में ग्रोथ रही। कंपनी ने कल कहा कि वह 7 रुपए का प्रति शेयर डिविडेंड देगी। कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) राजेश गोपीनाथन ने बताया कि कंपनी का रेवेन्यू जुलाई से सितंबर के बीच 46,867 करोड़ रुपए रहा। एक साल पहले इसी अवधि में 40 हजार करोड़ रुपए के रेवेन्यू की तुलना में यह 16.8त्न ज्यादा है। कंपनी में कर्मचारियों द्वारा नौकरी छोड़ने की दर 11.9त्न रही। इससे पहले की तिमाही में यह दर 8.6त्न की थी। यानी जून तिमाही की तुलना में सितंबर तिमाही में ज्यादा कर्मचारियों ने नौकरी छोड़ी। इसी दौरान टीसीएसने 7.6 अरब डॉलर की नई डील हासिल की।

# BGMI प्लेयर्स सावधान:कंपनी ने फिर बैन किए 87961 अकाउंट, न करें ये गलती वरना आप भी नहीं खेल पाएंगे गेम




**आईटीडीसी इंडिया ई-प्रेस/ आईटीडीसी न्यूज नई दिल्ली**

क्राफ्टन ने अपने BGMI (बैटलग्राउंड्स मोबाइल इंडिया) के 87,961 अकाउंट बैन कर दिए हैं। कंपनी का कहना है कि ये अकाउंट गैर कानूनी एक्टिविटी में शामिल रहे हैं और खेल में जीत हासिल करने के लिए के लिए चीटिंग और हैकिंग कर रहे थे। क्राफ्टन का बैन किए किए गए अकाउंट का डेटा 24 से 30 सितंबर के बीच का है। एक नोटिस में, क्राफ्टन ने बताया कि इन 87,961 अकाउंट को बैन करने से पहले इनके सिक्योरिटी सिस्टम और कम्युनिटी मॉनिटरिंग के जरिए जांच की और उसके बाद उल्लंघन करने वाले प्लेयर्स का अकाउंट स्थाई रूप से बंद किया गया। इस महीने की शुरुआत में ही क्राफ्टन ने बंद किए गए अकाउंट की लिस्ट बनाई, ताकि गलत तरीके से खेलने वाले प्लेयर को जितना जल्दी हो सके बाहर निकाला जा सके।

#### इन गलतियों पर बैन हो जाएगा अकाउंट

अगर कोई यूजर चीट करते हुए पाया जाता है तो उसे बैन कर दिया जाएगा। यदि कोई अकाउंट धोखाधड़ी को बढ़ावा देने या चीट-असिस्टेड रैंक पुश का इस्तेमाल करते हुए पाया जाता है, तो क्राफ्टन उस अकाउंट को बैन कर देता है। यहां तक ????कि जिस अकाउंट से पहले से धोखाधड़ी के लिए बैन लग चुका है उस पर परमानेंट बैन लगाया जाएगा। कंपनी उन खातों को भी बैन कर देगी जो गलत प्रोग्राम और धोखाधड़ी की सेल का ऐडवर्टाइजर रहे हैं। क्राफ्टन ने बैटलग्राउंड मोबाइल इंडिया के लिए कुल 7 नए गेम मोड लाए जा रहे हैं इनमें इंफेक्शन मोड, मेट्रो रॉयल, पेलोड 2, रूनिक पावर, सरवाइव टिल डॉन, टाइटन्स- लास्ट स्टैंड और विकेंडी शामिल हैं।

# पीरामल के मूल्यांकन में आएगी तेजी

**आईटीडीसी इंडिया ई-प्रेस/ आईटीडीसी न्यूज नई दिल्ली**

दो दवा व्यवसायों को अलग किए जाने और दो अलग सूचीबद्ध इकाइयां बनाने की पीरामल एंटरप्राइजेज (पीईएल) की घोषणा से कंपनी के शेयरधारकों में उत्साह बढने की संभावना है। विश्लेषकों को सूचीबद्ध इकाई का संयुक्त बाजार पूंजीकरण कंपनी के मौजूदा बाजार पूंजीकरण को पार करने की संभावना है। नारनोलिया सिक्योरिटीज में मुख्य निवेश अधिकारी शैलेंद्र कुमार का कहना है, %इस व्यावसायिक घराने का मूल्यांकन केंद्रित व्यवसाय वाली कंपनियों के मुकाबले हमेशा कम रहा है। इसे देखते हुए इन व्यवसायों को दो स्वतंत्र कंपनियों में विभाजित करने के पीईएल का निर्णय एक सकारात्मक कदम है और इससे दीर्घावधि में वैल्यू बढ़ेगी। विलय समाप्त किए जाने के बाद, पीईएल रियल एस्टेट सेक्टर को ऋण देने वाली वित्तीय सेवा कंपनी बन जाएगी, जबकि फार्मा व्यवसाय को पीरामल फार्मा (पीपीएल) के तहत समेकित किया जाएगा और उसे अलग से सूचीबद्ध कराया जाएगा। पीरामल एंटरप्राइजेज के सभी मौजूदा शेयरधारकों को पीपीएल में शेयर मिलेंगे, लेकिन पीईएल और पीपीएल के बीच कोई शेयर भागीदारी नहीं होगी। गुरुवार को बंद भाव के आधार पर शेयर का बाजार पूंजीकरण करीब 69,000 करोड़ रुपये था और यह दिन के कारोबार में 1. प्रतिशत की तेजी के बाद 2,886 रुपये प्रति शेयर पर बंद हुआ, जबकि सेंसेक्स में 0.8 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई। विश्लेषकों के अनुसार, विलय समाप्त करने वाली इकाइयों का संयुक्त बाजार पूंजीकरण करीब 75,000-80,000 करोड़ रुपये होने की संभावना है।

# नया मुकाम : एसआईपी में निवेश पहली बार 10 हजार करोड़ रुपए के पार निकला


### » रिकॉर्ड 26.8 लाख नए एसआईपी खाते भी खुले

**आईटीडीसी इंडिया ई-प्रेस/ आईटीडीसी न्यूज नई दिल्ली**

बीते महीने म्यूचुअल फंड के सिस्टमेटिक इन्वेस्टमेंट प्लान में पहली बार 10 हजार करोड़ से ज्यादा का शुद्ध निवेश हुआ। इस दौरान रिकॉर्ड 26.8 लाख नए एसआईपी खाते भी खुले। सितंबर में एसआईपी में कुल 10,351.3 करोड़ रुपए का शुद्ध निवेश हुआ। इसके मुकाबले मार्च 2020 में एसआईपी में 8,641 करोड़ रुपए का निवेश आया था। उसी महीने कोरोना महामारी से बचाव के लिए देशव्यापी लॉकडाउन लगाया गया था। तब से अब तक इस मामले में करीब 20 फीसदी बढ़ोतरी हुई है। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) के सीईओ एनएस वेंकटेश ने कहा, एसआईपी योगदान 10 हजार करोड़ के पार पहुंचना मील का पत्थर है। यह म्यूचुअल फंड में निवेशकों के निरंतर विश्वास को दर्शाता है। खुदरा निवेशक कम रिटर्न वाले पारंपरिक बचत विकल्पों जैसे बैंक एफडी आदि की तुलना में म्यूचुअल फंड को प्राथमिकता दे रहे हैं। विशेषज्ञों के मुताबिक, शेयर बाजारों में तेजी के बीच सितंबर के दौरान इक्विटी म्यूचुअल फंड्स में लगातार सातवें महीने निवेश बढ़ा है।

**इक्विटी और इक्विटी-लिंक्ड स्कीम्स में 8,677.4 करोड़ रुपए का निवेश हुआ:** - एम्फी की तरफ से शुक्रवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, सितंबर में इक्विटी और इक्विटी-लिंक्ड स्कीम्स में 8,677.4 करोड़ रुपए का शुद्ध निवेश हुआ। अगस्त के दौरान इस श्रेणी के फंड्स में 8,666.7 करोड़ रुपए का शुद्ध निवेश हुआ था। हालांकि यदि पूरी म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री (डेट समेत) की बात करें तो सितंबर में इनसे 47,257.4 करोड़ रुपए की निकासी हुई।

**सिर्फ स्मॉल-कैप फंड से निकासी:-** सितंबर में स्मॉल-कैप को छोड़कर इक्विटी कैटेगरी के अन्य सभी फंड्स में शुद्ध निवेश हुआ। स्मॉल-कैप फंड्स से लगातार दूसरे माह निकासी हुई। इसके उलट सिर्फ 1 माह निकासी के बाद लार्ज-कैप एवं मल्टी-कैप फंड्स में शुद्ध निवेश हुआ है। मिड-कैप फंड्स में 5वें माह शुद्ध निवेश हुआ है।



संपादकीय

# कश्मीर, साजिश और निशाना

दो साल पहले 19 अक्तूबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नासिक के एक भाषण में कहा था कि हम अब 'नया कश्मीर' बनाने जा रहे हैं। देश के 130 करोड़ भारतीयों को मिलकर कश्मीर को फिर स्वर्ग बनाना है। हर कश्मीरी को गले लगाना है। जो कश्मीर घाटी रक्त से रंगी हुई है, उसे महरम लगाकर कश्मीर को फिर स्वर्ग बनाना है। इन दिनों तो सब ठीक चल रहा था। कश्मीर घाटी में पर्यटकों की भीड़ थी। हाउस बोट और होटल भरे हुए थे। पर्यटकों की बढ़ती आमद देख लोग अपने घरों को गेस्ट हाउस में बदल रहे थे। पहलगाम, गुलमर्ग और धूधपथरी में होटल भरे हुए थे। पिछले एक सप्ताह से जम्मू-कश्मीर में केंद्रीय मंत्री हर जिला मुख्यालय पर जाकर लोगों की समस्याएं सुनने लगे थे। कश्मीर के आम आदमी को लग रहा था कि घाटी में बदलाव आ रहा है। जो विकास कार्य पिछले 70 साल से नहीं हुए थे, उनमें तेजी से काम चल रहा है।

पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी, इंटर स्टेट इंटेलिजेंस (आईएसआई) और कश्मीर में लश्कर-ए-तैयबा, जैश-ए-मोहम्मद और हिज्बुल मुजाहिदीन को यह सब पसंद नहीं। घाटी को फिर लहूलुहान कर दिया गया। पांच दिन में सात निहत्थे नागरिकों को गोलियों का शिकार बनाया गया,जिनमें से चार अल्पसंख्यक समुदाय के हैं। श्रीनगर के ईदगाह इलाके में गवर्नमेंट बॉयज हायर सेकेंडरी स्कूल की प्रिंसिपल सुपिंदर कौर और शिक्षक दीपक चंद का स्कूल में ही कत्ल कर दिया गया। सभी टीचर ऑनलाइन क्लास ले रहे थे। आतंकियों ने सबका परिचय पत्र जांचा, दो गैर-मुस्लिमों को अलग किया और मार दिया। दो दिन पहले एक ही घंटे में आतंकियों ने श्रीनगर के ख्यात दवा विक्रेता माखन लाल बिंद्रू और बिहार के गोलगप्पे बेचने वाले वीरेंजन पासवान की गोली मारकर हत्या कर दी।

इन हत्याओं का ढर्रा ठीक वैसा ही है, जैसे 1990 में कश्मीरी पंडितों को सड़कों पर व घरों में चुन-चुनकर मारा गया था। जिस तरह से श्रीनगर के पूर्व डिस्ट्रिक्ट व सेशन जज नीलकंठ गंजू की हत्या करण नगर इलाके में खुलेआम सड़क पर की गई थी। उनका शव घंटों सड़क पर पड़ा रहा था। किसी की हिम्मत नहीं पड़ी कि शव को हॉस्पिटल पहुंचा दे, क्योंकि आतंकियों ने धमकी दे रखी थी कि जो भी शव को हाथ लगाएगा, उसका अंजाम गंजू जैसा किया जाएगा। इस बार भी बिहार के गोलगप्पे वाले का शव सड़क पर कुछ समय तक पड़ा रहा।

हालांकि, आज 1990 जैसी स्थिति नहीं है। तब सोशल मीडिया नहीं था। अब खबर आग की तरह फैलती है और कश्मीर की ताजा खबर हर जगह पहुंच गई है। आज देश भर में गुस्सा है। आतंकी कश्मीर में एक बार फिर से दहशत फैलाना चाहते हैं, हालांकि सरकार ने भी कमर कस रखी है।

दरअसल, इन हत्याओं के कुछ बड़े कारण हैं, जिन पर गौर करना चाहिए। हाल ही में जम्मू-कश्मीर सरकार ने फैसला लिया है कि विस्थापित कश्मीरी पंडितों के लिए छह हजार नौकरियां होंगी और उनके लिए छह हजार फ्लैट भी बनाए जा रहे हैं। फ्लैटों के निर्माण का काम तेजी से चल रहा है और नौकरियों के लिए भर्तियां भी शुरू हो गई हैं, लेकिन यह बात पाकिस्तान को पसंद नहीं कि कश्मीरी पंडितों की घर वापसी हो।

सरकार ने एक खास वेब पोर्टल बनाया है। जिन कश्मीरी विस्थापितों की जमीन, मकान और दुकान पर गैर-कानूनी तरीके से कब्जा किया गया है, वे दुनिया में कहीं से भी इस वेब पोर्टल पर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। उल्लेखनीय है कि इसके तहत करीब 1,000 से भी ज्यादा शिकायतें दर्ज हुई हैं। श्रीनगर जिले में ही करीब 700 शिकायतें जिला मजिस्ट्रेट के पास आई हैं और इनमें से लगभग 90 प्रतिशत मामले उन्होंने सुलझा भी दिए हैं। कई लोगों को अपनी संपत्ति वापस मिल गई है। इसी तरह, कई सारे मंदिरों की जमीन पर भूमि माफिया ने कब्जा कर रखा है या फिर उसे बेच दिया है। श्रीनगर के प्रसिद्ध गणपत्यार मंदिर की लगभग180 कनाल जमीन पर भूमि माफिया ने कब्जा कर रखा है। मंदिर का प्रबंधन इस वक्त श्रीनगर में जमीन वापस लेने गया हुआ है, लेकिन ताजा हत्याओं के बाद वह भी सहम गया है। अलगाववादियों और आतंकियों का मकसद भी यही है और वे घाटी में न्याय की हर कोशिश को बाधित करने की साजिश रच रहे हैं। वे नहीं चाहते कि कश्मीर अपने पुराने सद्भावी दौर में लौटे।

लोग भूले नहीं हैं, सन 1990 में जब कश्मीरी पंडितों को निशाना बनाया गया था। 18 और 19 जनवरी की रात करीब चार लाख कश्मीरी पंडित जम्मू, उधमपुर, दिल्ली, मुंबई, पुणे, बेंगलुरु व पंजाब जाने को मजबूर हो गए थे। तब कश्मीरी अलगाववादियों, राजनेताओं, बुद्धिजीवियों ने अपने बचाव में यह बताया था कि एक सोची-समझी चाल के तहत पूर्व राज्यपाल जगमोहन ने घाटी से अल्पसंख्यकों को यहां से निकाला है, एक बड़ा ऑपरेशन शुरू करना है। लेकिन अब तो जगमोहन इस दुनिया में नहीं हैं। फिर अब क्यों अल्पसंख्यकों को निशाना बनाया जा रहा है? साफ है, आतंकी फिर सीमा पार के इशारे पर 1990 की तरह पलायन कराना चाहते हैं। उन्हें डर है कि अगर कश्मीरी पंडित लौट आते हैं, पर्यटकों की संख्या बढ़ जाती है, और विकास कार्य तेजी से चलते हैं, तो जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव की घोषणा हो जाएगी, लोकतंत्र की सीधी बहाली हो जाएगी, तो उनके पास कोई मुद्दा नहीं रह जाएगा। आतंकियों के आका को यह मालूम पड़ चुका है कि कश्मीर में वह हार चुका है। उन्हें शायद यह नहीं मालूम कि जम्मू-कश्मीर में कश्मीरी मुसलमानों के साथ-साथ पंडित, डोगरे, शिया, पहाड़ी, गुज्जर बकरवाल के साथ पंजाबी भी रहते हैं।

## लखीमपुर खीरी नरसंहार के निहितार्थ



- राजेन्द्र शर्मा

मोदी राज जिस कार्पोरेट-हिंदुत्व गठजोड़ पर टिका है, उसे देसी-विदेशी कार्पोरेटों की बड़े पैमाने पर घुसपैठ तथा उनके नियंत्रण के लिए, कृषि क्षेत्र को खोलने वाले उक्त कृषि कानूनों का वापस लिया जाना, मंजूर नहीं है। जाहिर है कि इसके पीछे इसका एहसास भी है कि इस मामले में एक बार उन्होंने पांव पीछे खींचे तो, आगे ऐसे कदम उठाना शायद ही संभव होगा। प्रधानमंत्री जब संयुक्त राष्ट्र महासभा में अपने पिछले संबोधन में भारत के दुनिया भर में लोकतंत्र की मां होने की शेखी बघार रहे थे, शायद उन्हें भी अंदाजा नहीं होगा कि उनकी सरकार का वास्तविक आचरण, मुश्किल से एक पखवाड़े में सारी दुनिया के सामने उनके राज की जनतांत्रिकता की पोल खोल देगा। इसके लिए प्रधानमंत्री मोदी की हाल की अमरीका यात्रा के दौरान, असम में दारांग में सरकारी जमीन पर अवैध कब्जों से बेदखल करने के नाम पर, मोदी की ही पार्टी की सरकार की सशस्त्र पुलिस द्वारा दो निहत्थे गरीब मुसलमान बंगाली किसानों को, जिनमें एक तो बारह साल का लड़का ही था, घेर कर गोली से उड़ा दिए जाने की नृशंसता ही काफी होनी चाहिए थी। लेकिन, मोदी निजाम के लिए तो उसके अगले ही हफ्ते में, सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करने के लिए लखीमपुर खीरी में तिकुनिया में, केंद्रीय गृह राज्य मंत्री और उसके बेटे की कारों के काफिले से जान-बूझकर किसानों को कुचल डालने की बर्बरता भी काफी नहीं हुई। इसीलिए, मोदी-शाह निजाम ने न सिर्फ इस बर्बरता के शिकार हुए चार किसानों, एक पत्रकार और यहां तक कि अपनी पार्टी के तीन कार्यकर्ताओं के लिए भी संवेदना के दो शब्द तक बोलना जरूरी नहीं समझा, बल्कि अपनी सरकार के उस जूनियर मंत्री को कम से कम किसी तरह की जांच होने तक हटाने से भी बड़ी हिकारत से इसके बावजूद इंकार कर दिया कि सीधे उसका ही उकसावा इस बर्बरता की जड़ में था, जिसके लिए एफआईआर में उसका नाम भी आया है और उसके बेटे पर सीधे इस बर्बरता को अंजाम देने के आरोप हैं। मोदी सरकार की इसी दीदादिलेरी ने, देश की समूची कानून-व्यवस्था के सामने एक ऐसी शर्मिंदगी की स्थिति पैदा की है, जिसकी दूसरी मिसाल शायद ही मिलेगी। लखीमपुर खीरी कांड के पांचवे दिन, देश की सर्वोच्च अदालत ने इस बर्बरता पर स्वत- संज्ञान लेकर सुनवाई करते हुए, न सिर्फ उत्तर प्रदेश की सरकार को पर्याप्त गंभीरता नहीं दिखाने के लिए फटकार लगाई तथा पूछा कि पुलिस सामान्यत- ऐसे मामले में गिरफ्तारी आदि की जो कार्रवाई करती, क्यों नहीं कर रही है, बल्कि अदालत की सख्त नाराजगी ने प्रदेश सरकार के वकील, हरीश साल्वे को भी यह कबूल करने के लिए मजबूर कर दिया कि, %जो किया जाना चाहिए था, नहीं किया गया है!% लेकिन, इस सबसे भी असाधारण यह कि इस सारी नाराजगी के बावजूद, सर्वोच्च न्यायालय ने एक याचिकाकर्ता की इस प्रकरण की जांच सीबीआई को सौंपने की मांग को एक ऐसे कारण से फिलहाल टाल दिया, जो कारण इससे पहले शायद ही कभी इस अदालत की जुबान पर आया होगा। सुप्रीम कोर्ट ने नाम न लेते हुए भी बलपूर्वक कहा कि इस कांड से जो लोग जुड़े हुए हैं उन्हें देखते हुए, सीबीआई जांच को विकल्प नहीं माना जा सकता।

इशारा एकदम साफ था। चूंकि यह कांड मोदी सरकार के एक मंत्री और उसके बेटे से जुड़ा हुआ है, इसलिए केंद्र सरकार के आधीन सीबीआई पर इस मामले में भरोसा नहीं किया जा सकता! मोदी सरकार और उसके राज में कानून के शासन की स्थिति पर, इससे सख्त टिप्पणी दूसरी नहीं हो सकती है। केंद्र सरकार पर सुप्रीम कोर्ट ने इससे पहले कभी इस तरह अविश्वास नहीं जताया होगा। इसके बावजूद, मोदी सरकार अजय मिश्र टेनी को मंत्रिपद से हटाकर अपनी भूमिका के संबंध में, सुप्रीम कोर्ट की उक्त आशंका को दूर करने का प्रयास करेगी, इसकी उम्मीद शायद ही किसी को होगी। इसका संबंध मोदी सरकार की आम तौर पर बढ़ती निरंकुश हेकड़ी से है, जो तीन कृषि कानूनों को वापस लेने की मांग को लेकर, पिछले दस महीने से देश में चल रहे किसान आंदोलन के संबंध में खासतौर पर नंगी हठधर्मिता बनकर सामने आई है। शायद इसकी वजह यह है कि मोदी सरकार, दमन, दुष्प्रचार, विभाजन, आदि आदि अपने सारे हथियारों को आजमाने के बावजूद, इस किसान आंदोलन को न तो कमजोर कर पाई है, न बांटकर दबा पाई है।

# गरीबी उन्मूलन से समाज में शांति

**इस नज़रिए से शांति तब तक नहीं आ सकती जब तक हर इंसान उन सब हालातों में ना हो जिसमें वह आजकल है। इन हालातों में सबसे बड़ी और बुरी बात गरीबी है। तमाम तरह की तरक्की के बाद भी दुनिया की 30 फीसदी आबादी गरीबी की हालत में रहने को मजबूर है। जिसके लिए यह आबादी जिम्मेदार नहीं है। जिम्मेदार वो लोग हैं जो अपने आप को रहनुमा कहते हैं और कहीं-न-कहीं व्यवस्था से जुड़े हैं।**



- इस्लाम हुसैन

प्रो. मुहम्मद यूनुस ने अपने मुल्क में जो काम किया उसको अंतरराष्ट्रीय स्वीकृति भी मिलने लगी। लोग बांग्लादेश के गरीबी दूर करने के तौर-तरीकों की तारीफ करने लगे। बांग्लादेश के गरीबी दूर करने के मॉडल में प्राथमिक शिक्षा और प्राथमिक स्वास्थ्य को ध्यान में रखा गया था। इसका फल यह हुआ कि बांग्लादेश का मानव विकास सूचकांक कई विकासशील देशों से भी ऊंचा हो गया। और-तो-और आर्थिक प्रगति में बांग्लादेश से कहीं आगे माना जाने वाला भारत भी %मानव विकास सूचकांक% में बांग्लादेश से पीछे हो गया।

पिछले महीने (सितम्बर) की 21 तारीख को हमने %अन्तरराष्ट्रीय शान्ति दिवस% मनाया था। इस मौके पर शांति के लिए तरह-तरह के विचार और सिद्धांत कहे-लिखे गए, लेकिन इन सब के बीच सबसे बड़ा सवाल बिना सुलझे रहा कि किसी समाज, देश और पूरी दुनिया में शांति कैसे आए? शांति सब तरफ हो, पूरी दुनिया में हो, यह आज की ज़रूरत है, लेकिन शांति के लिए युद्ध न होना या युद्ध की परिस्थितियों का न होना ही काफी नहीं है। शांति के लिए यह भी ज़रूरी है कि दुनिया का हर इंसान अपने जीवन में शांति महसूस कर सके।

इस नज़रिए से शांति तब तक नहीं आ सकती जब तक हर इंसान उन सब हालातों में ना हो जिसमें वह आजकल है। इन हालातों में सबसे बड़ी और बुरी बात गरीबी है। तमाम तरह की तरक्की के बाद भी दुनिया की 30 फीसदी आबादी गरीबी की हालत में रहने को मजबूर है। जिसके लिए यह आबादी जिम्मेदार नहीं है। जिम्मेदार वो लोग हैं जो अपने आप को रहनुमा कहते हैं और कहीं-न-कहीं व्यवस्था से जुड़े हैं।

एशिया, ख़ासकर दक्षिण एशिया, अफ्रीका और लैटिन अमेरिका में लाखों-करोड़ों लोग ऐसे हैं जो गरीबी के मानक, दो डालर या यूं कहें 150 रुपए रोज से कम में जिंदा रहने को मजबूर हैं। भारत में तमाम तरह की कोशिशों के बावजूद 28 फीसदी आबादी सरकारी तौर पर गरीबी में रहने को मजबूर है, जबकि गैर-सरकारी तौर पर यह आंकड़ा बहुत ज्यादा है।

देश में गांधीजी और आचार्य विनोबा ने इस स्थिति को अपनी जिंदगी के शुरुआती दौर में बहुत अच्छी तरह समझ लिया था। गांधी ने अपने प्रयोगों में गरीबी दूर करने के अनेक उपायों को आजमाया। जिसमें ग्राम स्वराज की परिकल्पना और उसका अमलीजामा देश की गरीब दूर करने में बहुत कारगर हो सकता था। बदक़िस्मती से आजादी के फौरन बाद गांधी जी की शहादत हो गई, नहीं तो गांधी जी ने जैसे अंग्रेजी राज के खिलाफ़ मुहिम चलाई वैसे ही वह गरीबी के खिलाफ़ मुहिम चलाते।

आचार्य विनोबा ने इसी गरीबी को खत्म करने के लिए भूदान और ग्रामदान की मुहिम चलाई और मुल्क को गरीबी से निजात दिलाने की एक राह और रोशनी की, लेकिन बाद में हमारी शासन व्यवस्था उस राह पर नहीं चल सकी, या ऐसे खराब हालात पैदा हो गए जिससे भूदान और ग्रामदान का उद्देश्य पूरा नहीं हो सका।

विनोबा जी भूदान और ग्रामदान अभियान के दौरान जिन सात बातों पर जोर देते थे उनमें पहली बात गरीबी दूर करने की थी, तो सातवीं बात विश्व शांति की थी। यानि दुनिया में शांति और सुकून तब तक नहीं आ सकता जब तक गरीबी खत्म नहीं हो जाती। यह बड़े मार्के की बात थी। यह सूत्र था जिसे हमारी व्यवस्था ना जान सकी और ना मान सकी। जब हम अपने मुल्क में इस पर ढंग से ध्यान नहीं दे सके, तो दुनिया में इस बात का झंडा कौन उठाता? भूदान और ग्रामदान जैसे गरीबी दूर करने के सूत्र के आधे-अधूरे लागू होने के बाद भी दशक बीत गए, लेकिन इस पर गंभीर चर्चा नहीं हो सकी कि ग़रीबी दूर करने और शांति में आपसी सम्बन्ध क्या है। हालांकि गरीबी दूर करने के लिए अरबों-खरबों रुपए खर्च करके सैकड़ों योजनाएं चलाई गईं, लेकिन शांति तो कोसों दूर थी और अब भी है।

पूरी दुनिया में गरीबी दूर करने के लिए अलग-अलग मुल्कों में अलग-अलग तरीके अपनाए जाते रहे हैं। कहीं सरकारी तौर पर तो कहीं गैर-सरकारी तौर पर। हमारे मुल्क के पड़ौसी बांग्लादेश में घोर गरीबी थी। वहां की तानाशाही की सरकारें भी अपने मुल्क की गरीबी को दूर करने में जब कामयाब नहीं हो पाईं तो वहां एक गैर-सरकारी मुहिम शुरू हुई जिसने बांग्लादेश में ग्रामीण गरीबी को दूर करने में अहम किरदार निभाया। यह मुहिम करीब चालीस साल पहले प्रोफेसर मुहम्मद यूनुस साहब ने शुरू की थी। हालांकि उस मुहिम का आधार गांधी और विनोबा के तौर-तरीकों से बिल्कुल अलग था। गांधी विनोबा के जाने के बाद उनके तमाम तरीकों के सामाजिक-आर्थिक बदलाव को देखते हुए और उस मुल्क के हालात को देखकर जो ज़रूरी लगा, वह आजमाया। लेकिन जो भी था, वह बहुत ही असरदार रहा।

प्रोफेसर मुहम्मद यूनुस ने बांग्लादेश में माइक्रोफाइनेंस का जो मॉडल बनाया वह बाद में बांग्लादेश के ग्रामीण बैंक के गठन में और उसकी मार्फत बांग्लादेश में गरीबी दूर करने और मुल्क की तरक्की में अहम रहा। बाद में यह मॉडल दुनिया के और देशों में भी लागू किया गया। हमारे मुल्क में उस मॉडल को लागू तो किया गया, लेकिन अधूरे तौर-तरीकों से। बाद में यह मॉडल भी मुल्क की बाबूगिरी में उलझकर रह गया।

प्रो. मुहम्मद यूनुस ने अपने मुल्क में जो काम किया उसको अंतरराष्ट्रीय स्वीकृति भी मिलने लगी। लोग बांग्लादेश के गरीबी दूर करने के तौर-तरीकों की तारीफ करने लगे। बांग्लादेश के गरीबी दूर करने के मॉडल में प्राथमिक शिक्षा और प्राथमिक स्वास्थ्य को ध्यान में रखा गया था। इसका फल यह हुआ कि बांग्लादेश का मानव विकास सूचकांक कई विकासशील देशों से भी ऊंचा हो गया। और-तो-और आर्थिक प्रगति में बांग्लादेश से कहीं आगे माना जाने वाला भारत भी मानव विकास सूचकांक में बांग्लादेश से पीछे हो गया।

# कांग्रेस में बदलाव के कुछ स्वागत योग्य संकेत

- जगदीश रत्तनाणी



कांग्रेस ही है जिसने देश को सोवियत संघ के तरीके वाली पंचवर्षीय योजनाएं, सार्वजनिक क्षेत्र के उद्योगों को सम्मानजनक ऊंचाइयां दीं और गरीबी की समस्या से निपटना शुरू किया। यह कांग्रेस ही थी जिसने तिजोरी खाली होते हुए भी आर्थिक स्थिति सुधारने के लिए 1991 में %नव उदारवादी नीतियों% पर चलने का मार्ग प्रशस्त किया। यह कांग्रेस ही हो सकती है जो हाशिए पर खड़े वर्गों की जरूरत और उनकी इच्छा-आकांक्षाओं के एजेंडे को फिर वापस ला सकती है। एक खुशनुमा पुनरुद्धार के लिए यह एक अच्छा मार्ग होगा।

पंजाब में कांग्रेस की असफलता सामने आ गयी है, लेकिन इसके साथ ही हाल के कई निराशाजनक वर्षों के बाद कुछ अच्छी बातें भी हुई हैं- सौ साल से अधिक पुरानी पार्टी में कन्हैया कुमार और जिग्नेश मेवानी का आगमन और इसके साथ ही कुछ पुराने और बुजुर्ग नेताओं की बेचैनी से भरी विरोध की आवाजें। ये बातें मुख्य धारा में हाशिए पर जाती पार्टी में असहमति की आवाजें और बदलाव की जरूरत को दर्शाती हैं। आगामी विधानसभा चुनाव हों या उसके बाद आने वाले लोकसभा चुनाव, भारतीय जनता पार्टी का मुकाबला करने में कांग्रेस असमर्थ एवं असहाय नजर आ रही है। विपत्ति पड़ने पर शांति की बनिस्बत अशांति बेहतर होती है और कोई बदलाव न होने की बजाय कोई भी परिवर्तन बेहतर होता है। कांग्रेस में आगे बढ़ने का एक निर्धारित मार्ग है और वह है पार्टी के पहले परिवार के प्रति श्रद्धा; और श्रद्धा दिखाने का नाटक करना। एक बार यह करने के बाद पार्टी के बैनर तले राजनीति करने की आजादी है। सत्ता और सत्ता की शक्ति के रूप में मिलने वाला पुरस्कार इस सिस्टम को आगे जारी रखने में मदद करता है। यह उस समय तक चलता रहेगा जब तक गांधी परिवार में किसी को कुछ प्रदान करने या निकट भविष्य में कुछ देने का वादा करने की क्षमता रहेगी। इस समय जब पार्टी राष्ट्रीय राजनीति के खेल में एक दावेदार के रूप में नज़र नहीं आ रही है तो उसका ढांचा चरमरा गया है। %हाईकमान% की वैधता और विशेषज्ञता भी सवालों के घेरे में आ गई है। पंजाब में हुई गलतियों के लिए जहां पूरा गांधी परिवार आलोचना का केंद्र बना हुआ है, वहीं कांग्रेस का शेष नेतृत्व भी %मिनी दरबार% का समूह बना हुआ है। नेतृत्व के दूसरे स्तर के ये दरबारी अपने हितों की रक्षा के लिए काम करते हैं और विशेषाधिकार कनेक्शन और सत्ता के खेल से जुड़े लोग हैं जो बिना कुछ ठोस काम किए हुए राजनीतिक पटल पर छाए हुए हैं। इनमें से कई लोग उच्च शिक्षित हैं परन्तु वे आम जनता की भाषा नहीं बोल सकते। ये लोग राजनीतिक सभाएं नहीं ले सकते हैं। ये लोग क्लब और टीवी स्टूडियो में खुद को ज्यादा आरामदेह स्थिति में पाते हैं। ये जड़ों से जुड़े हुए लोग नहीं हैं जहां मुद्दों पर निर्णय लिए जाते हैं। यह कटु सत्य है कि %गांधियों% के नेतृत्व व नियंत्रण में कांग्रेस का जो पतन हुआ है उसमें इन मिनी नेताओं का भी अच्छा-खासा योगदान है।

दिल्ली में बैठे हुए इन नेताओं में से कोई भी जनता की इच्छा-आकांक्षाओं को पकड़ने में समर्थ नहीं है। वे राष्ट्र के सामने मौजूदा ज्वलंत समस्याओं को समझने-सुलझाने में विफल हैं और देश के ताने-बाने के लिए खतरा बनी चुनौतियों का सामना करने और इन परिस्थितियों को भीड़ के समर्थन और वोटों में बदलने की क्षमता नहीं रखते। वे कथित बुद्धिजीवियों की कल्पना को वोटों की आग में बदलने का माद्दा भी नहीं रखते हैं। क्या कांग्रेस में ऐसा कोई शख्स है जो वित्त, विदेश नीति, सुरक्षा और स्वास्थ्य के विषय पर विश्वसनीय आवाज हो? जब इन नामों को खोजते हैं तो ऐसे लोगों की सूची सामने आती है जो दूसरे दर्जे के दरबारी हैं, जो लंबे समय से सत्ता से जुड़े हैं और अपनी विश्वसनीयता खो चुके हैं तथा ज्यादातर नामों पर किसी न किसी रूप में दाग लगे हुए हैं। कन्हैया कुमार और जिग्नेश मेवानी के कांग्रेस में आने से अगर यह संकेत मिलता है कि दूसरे स्तर के नेताओं को हटाया जा रहा है तो यह एक अच्छा संदेश होगा। फिर भी, यह केवल एक शुरुआत है। इसके साथ ही एक सवाल उठता है कि क्या इन दोनों का कांग्रेस प्रवेश एक उपलब्धि है या समायोजन है; और क्या इसे कांग्रेस में अंदरूनी तौर पर होने वाले बड़े बदलाव के रूप में देखा जा सकता है? कन्हैया कुमार और जिग्नेश मेवानी की जोड़ी के कांग्रेस प्रवेश को एक उपलब्धि के रूप में देखा जाता है तो कांग्रेस की इच्छा के मुताबिक यदि दोनों युवा नेता भीड़ खींचने और वोट बटोरने में सफल होते हैं तो ये दोनों भी अंतत- कांग्रेस में सत्ता के अपने-अपने केंद्र बन जाएंगे और पार्टी में एक और दरबार बन जाएगा। यदि ऐसा होता है तो यह क्रिकेटर से टीवी शो आर्टिस्ट और पंजाब प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष बने नवजोत सिंह सिद्धू के प्रादेशिक ड्रामा का राष्ट्रीय रिप्ले होगा- धमकाने का यह प्रकार कुछ ऐसा है कि मुझे सत्ता दो नहीं तो मैं पद छोड़ता हूं!

## सच तो ये है कि आप हमें ऋणी बना कर चले गए

सच तो ये है कि आप हमें ऋणी बना कर चले गए।
जो भी फ़र्ज़ हमसे जुड़े थे, हर फ़र्ज़ निभा कर चले गए।
कहते हैं के हर अधिकार से जुड़ा एक फ़र्ज़ होता है।
आप हर अधिकार हमें देकर हर फ़र्ज़ का ऋणी बना कर चले गए।
कभी सोचा भी नहीं था के आप यूं चले जाएंगे।
आज भी लगता है मानो अभी लौट कर आ जाएंगे।
जिंदगी की सारी खुशियां हमें देकर अपने जाने का ग़म दे चले गए।
सच तो ये है के आप हमें ऋणी बना कर चले गए।
घर की हर छोटी सी चीज़ भी आपकी याद दिलाती है।
कितना कुछ किया आपने हमारे लिए हर चीज गवाह बन जाती है।
घर के हर कोने से आप जि़ंदगी की सबसे मीठी याद देकर चले गए।
सच तो ये है कि आप हम ऋणी बनाकर चले गए।
कहते हैं कि पिता का दिल कठोर होता है वो कभी नहीं रोता है।
पर मेरे दूर जाने के गम में पलकें भिगोते मैंने आपको देखा है।
पिता की परिभाषा बदल कठोरता को प्रेम में बदल कर चले गए।
सच तो ये है की आप हमें ऋणी बना कर चले गए।
मेरा बच्चा मेरे लिए ये करेगा बचपन में ये हर मां बाप कहते हैं।
कुछ भी नहीं कर पाए आपके लिए आज भी इसलिए तड़पते हैं।
अपने इस निस्वार्थ प्रेम में हम सबको डूबो कर चले गए।
सच तो ये है कि आप हमें ऋणी बना कर चले गए।
जैसे जो मांगा सब कुछ दिया है, उम्मीद है कि ये भी देंगे।
आपके ऋण कुछ उतारने का, उम्मीद है आप अवसर देंगे।
लौटेंगे आप फिर हमारे बीच अनजाने ही ये उम्मीद दे चले गए।
सच तो ये है कि आप हमें ऋणी बना कर चले गए।



# तमिलनाडु की इन खूबसूरत जगहों पर घूमने का बनाएं प्लान, नजारा देख भूल जाएंगे सारी टेंशन

साउथ की खूबसूरती को शब्दों में बयां करना मुश्किल है, क्योंकि यहां के खूबसूरत नजारों को आप सिर्फ एंजॉय कर सकते हैं। ऐसे में यहां की शांत ऑफबीट जगहों को घूमने आप जा सकते हैं। आइए जानते हैं यहां घूमने की खूबसूरत जगहों के बारे में।

### 1) कोटागिरी

ऊटी के बहुत करीब स्थित एक छोटी पहाड़ी शहर है। ये 1800 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है। प्रकृति प्रेमियों और फोटोग्राफी के प्रति उत्साही दोनों के लिए अच्छी जगह है। आप यहां अपने पार्टनर के साथ यहां कोडनाड व्यू पॉइंट और लगभग 500 फीट लंबा रंगास्वामी स्तंभ घूम सकते हैं।

### 2) जावधी हिल्स

इसे जवाधु हिल्स भी कहा जाता है, इस पहाड़ी को दो हिस्सों नें बांटा गया है, एक चेयार नदी द्वारा और दूसरा अगरम नदी द्वारा। शांती का समय बिताने के लिए आप यहां जा सकते हैं।

### 3) पोलाची

ऑफबीट जगहों में से एक है पोलाची। पोलाची को जोड़ने वाली सड़क स्मूद है। ये जगह अपनी प्राकृतिक सुंदरता के लिए जाना जाता है। सुकून के पल बिताने के लिए आप इस जगह पर जा सकते हैं।

### 4) सिरुमलाई

घने जंगल और अच्छे मौसम को एंजॉय करने के लिए आप यहां जाए। समुद्र तल से 1600 मीटर की ऊंचाई पर है। इस जगह पर एक छोटा सा झरना है जिसको घूमने आप आराम से जा सकते हैं।

### 5) वालपराई

3500 फीट की ऊंचाई पर स्थित, वालपराई तमिलनाडु राज्य का एक ऐसा स्थान है जिसके चारों ओर हरी-भरी पहाड़ियां और जंगल हैं। अझियार बांध से शुरू होकर, आपको वालपराई के रास्ते में संकरे मोड़ मिलेंगे। ये उन लोगों के लिए काफी एक्साइटिंग होता है, जो लोग रोड ट्रिप को एंजॉय करते हैं।

## भारत में घूमने की ये हैं सबसे सस्ती जगह, हर किसी को पसंद आती हैं ये डेस्टिनेशन



भारत में घूमने के लिए कई सारी जगहे हैं। कुछ पहाड़, समुद्री तो कुछ रेगिस्तान, लेकिन बात हो अगर दोस्तों के साथ घूमने की तो हम अक्सर सस्ती जगहों के बारे में सोचते हैं। हालांकि ट्रिप का बजट पूरी तरह आप पर निर्भर करता है कि आप कितने रुपये खर्च करना चाहते हैं। अगर आप अच्छे महंगे होटल में रुकते हैं तो ट्रिप अपने आप महंगा हो जाता है, लेकिन अगर आप अपने बजट वाली जगहों में रुकते हैं तो ट्रिप को सस्ते में कंपलीट कर सकते हैं। आज हम कुछ ऐसी जगहों के बारे में बताने वाले हैं, जहां आप सस्ते में घूम-फिर सकते हैं।

### 1) देहरादून

दोस्ते और फैमिली के साथ जाने के लिए ये अच्छी जगह है। उत्तराखंड की राजधानी देहरादून घूमने लोग दूर-दूर से आते हैं और लोगों को सबसे ज्यादा यहां का मौसम पसंद आता है। यहां कई कैफे और कम बजट होटल्स आसानी से मिल जाएंगे।

### 2) अमृतसर

यहां स्थित गोल्डन टेंपल लोगों के बीच में खूब लोकप्रिय है। एक दिन में यहां हजारों की संख्या में लोग आते हैं। यहां परोसे जाने वाला लंगर भी लोगों के बीच में मशहूर है। गोल्डन टेंपल के आस पास भी घूमने के लिए काफी जगहे हैं।

### 3) नैनीताल

उत्तराखंड के खूबसूरत पर्यटन स्थलों में से एक है नैनीताल। ये जगह अपनी झीलों के लिए खूब प्रसिद्ध है। यहां सस्ता खाना और होटल दोनों आसानी से मिल जाता है। यहां काफी सारे फेमस मंदिर भी है। पारिवारिक यात्रा के लिए ये अच्छी जगह है।

### 4) मैकलोडगंज

हिमाचल प्रदेश में धर्मशाला के पास स्थित ये हिल स्टेशन घूमने क लिए काफी अच्छा और सस्ता माना जाता है। खूबसूरत वादियों और नजारों को देख कर दोस्तों के साथ चिल करने के लिए ये अच्छी जगह है।

### 5) ऋषिकेश

राफ्टिंग, बंजी जंपिंग और तमाम एक्टिविटी के लिए ऋषिकेश फेमस है। यहां भी आपको सस्ते होटल और खाना मिल जाएगा। भारतीयों के साथ ही इस जगह पर विदेशी पर्टक भी देखने को मिलते हैं।

## वीकेंड ट्रिप के लिए बेहतरीन साबित हो सकता है ऋषिकेश, यहां के वॉटरफॉल्स हैं बेहद खूबसूरत









दिल्ली और इसके आस-पास रहने वाले लोगों को अगर कुछ पल सुकून के बिताने हों या फिर छोटी सी ट्रिप के लिए कहीं जाना हो तो वह लोग ऋषिकेश को ही चुनते हैं। धार्मिक जगह होने के कारण यहां लोग दूर-दूर से गांगा नहाने आते हैं। वहीं बात हो यहां पर घूमने की तो यहां घूमने के लिए खूब जगहें हैं। अगर आप एडवेंचर के शौकीन हैं तो यह जगहस आपके लिए बेस्ट साबित हो सकती है क्योंकि आप यहां राफ्टिंग, कैंपिंग और बंजी जंपिंग जैसे एडवेंचर्स चीजों का लुफ्त उठा सकते हैं। अगर आप खूबसूरती को निहारना चाहते हैं तो आप ऋषिकेश में मौजूद वॉटरफॉल्स को देख सकते हैं। आइए जानते हैं-

### 1) गुरुडचट्टी वॉटरफॉल

ऋषिकेश में ये लोगों के बीच काफी फेमस वॉटरफॉल है। इसके अलावा आसपास में कई ऐसे वॉटरफॉल हैं जहां आप कुछ घंटे इन झरनों को निहारने में बिता सकते हैं। इस झरने के पास पहुंचने के लिए आपको नीलकंठ मंदिर से थोड़ा ट्रैक कर पहुंचना होगा।

### 2) नीर गढ़ वॉटरफॉल

लक्ष्मण झूले से करीब 4 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। बारिश के मौसम में अक्सर लोग नीरगढ़ वॉटरफॉल की खूबसूरती को देखने जाते हैं। आप बाइक या स्कूटी से भी इस झरने को देखने जा सकते हैं।

### 3) हिमशैल वॉटरफॉल

ये सबसे शांत वॉटरफॉल की लिस्ट में शुमार है। अगर आपको भी योगा या ध्या न लगाने की आदत है तो सुबह के समय आप यहां जा सकते हैं क्योंकि यहां अक्सर आपको लोग योगा या फिर मेडिटेशन करते दिखाई देंगे।

### 4) पटना वॉटरफॉल

बारिश में ये वॉटरफॉल काफी खूबसूरत लगते हैं। लक्ष्मण झूले से इस झरने की दूरी करीब 7 किलोमीटर है। यहां जाने के लिए आपको कुछ किलोमीटर की ट्रैकिंग करनी होगी। यहां लोग सुबह के समय जाना ज्यादा पसंद करते हैं ।

# कम बजट में पूरी हो जाएगी नाशिक ट्रिप, मुंबई में रहते हैं तो प्लान कर सकते हैं वीकेंड ट्रिप


नासिक को पवित्र तीर्थ स्थान माना जाता है। इस स्थान का नाम उस घटना से भी पड़ा है जब लक्ष्मण ने रावण की बहन शूर्पणखा की नाक काट दी थी। नासिक एक खूबसूरत और रोमांचक शहर है। इस जगह के साथ बहुत सारा इतिहास जुड़ा हुआ है। इसलिए आपको अपने जीवन में एक बार इस जगह की घूमने जरूर आना चाहिए। नासिक में घूमने की हर जगह से आपको पॉजिटिव वाइब मिलेगी। यहां के मंदिर भी बहुत फेमस हैं, जहां दूर दूर से लोग दर्शन के लिए आते हैं। यहां कुछ जगहों पर आप खूबसूरत नजारों का भी लुफ्त उठा सकते हैं तो चलिए जानते हैं यहां घूमने की फेमस जगहों के बारे में।

### पांडवलेनी गुफाएं

ये गुफाएं सुंदर और इतिहास से से परिपूर्ण हैं। अगर आप इन गुफाओं को घूमना चाहते हैं तो सुबह का समय आपके लिए सबसे अच्छा रहेगा। दिन के समय ये बेहद गर्म हो जाती हैं। यहां जाने के लिए आपको टिकट खरीदनी होती है।

### वाइनरी

शहर में और उसके आसपास लगभग 50 वाइनरी हैं और उनमें से कई में रेस्तरां के साथ होटल भी हैं। जहां आप इनको चखने का लुफ्त उठा सकते हैं।



### ले फॉमेज

ये यॉर्क वाइनरी से कुछ ही मिनटों की दूरी पर है। यह नासिक की पहली चीज कंपनी है। आप इस जगह पर अलग-अलग तरह के चीज खरीद सकते हैं जिनमें मोजरेला, फेटा, गौडा, चेडर, और बहुत कुछ शामिल हैं। इस जगह से कुछ चीज खरीदें और अपनी वाइन के साथ इसका आनंद लें।

### त्र्यंबकेश्वर मंदिर

शहर से लगभग 40 मिनट दूर यह मंदिर तीर्थयात्रियों के बीच काफी फेमस है। भगवान शिव के 12 ज्योतिर्लिंग मंदिरों में से यह एक है जहां वे प्रकाश के स्तंभ के रूप में प्रकट हुए थे।

### ब्रह्मगिरी हिल्स

त्र्यंबकेश्वर मंदिर के पास स्थित ब्रह्मगिरी पहाड़ी बेहद खूबसूरत है। यहां ऊंचाई पर एक-दो मंदिरों के दर्शन करने के साथ-साथ सुंदर दृश्य का आनंद ले सकते हैं।

# किंग खान 380 करोड़ का ब्रांडःब्रांड शाहरुख पर आर्यन केस का असर शॉर्ट टर्म

## बायजूस ने IPO के चलते रोके स्टार के ऐड




**आईटीडीसी इंडिया ई-प्रेस/ आईटीडीसी न्यूज नई दिल्ली**

जब से शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान को ड्रग्स मामले में गिरफ्तार किया गया है, बायजूस ने बॉलीवुड स्टार के ऐड रोक दिए हैं। इसकी सबसे बड़ी वजह दिग्गज एडुटेक ऐप का इमेज बताया जा रहा है, जिसके लिए वह अपनी ब्रांड वैल्यू को लेकर कोई चांस नहीं लेना चाहती। फिलहाल यह साफ नहीं है कि क्या आर्यन के केस को लेकर बायजूस ने शाहरुख खान के साथ ब्रांड एंबेसडर का कॉन्ट्रैक्ट भी खत्म करने का फैसला किया है।

### सेलिब्रिटी और ब्रांड्स के कनेक्शन पर लॉन्ग टर्म असर नहीं

इन सबके बीच ऐड वर्ल्ड के लोगों का कहना है कि ऐसे विवादों से सेलिब्रिटी और ब्रांड्स के कनेक्शन पर लॉन्ग टर्म में खास फर्क नहीं पड़ता। शाहरुख और अमिताभ जैसे सेलिब्रिटी के साथ काम कर चुके एक ऐड एजेंसी के चेयरमैन कहते हैं, %शाहरुख के साथ जुड़ाव से बायजूस को बहुत फायदा हुआ है। शाहरुख का ऐड भले ही रोक दिया गया है, लेकिन उनका कनेक्शन इतना मजबूत हो गया है कि उसे तोड़ना बहुत मुश्किल होगा।

### लगभग 385 करोड़ रुपए की ब्रांड वैल्यू

सूत्रों के मुताबिक 2020 में शाहरुख की ब्रांड वैल्यू 5.11 करोड़ डॉलर, यानी लगभग 385 करोड़ रुपए की थी। बताया जाता है कि खान हर ऐड शूट के लिए 3.5 से 4 करोड़ रुपए की फीस लेते हैं। ये अपने करियर में अब तक 40 ब्रांड का एंडोर्समेंट कर चुके हैं, जिनमें बायजूस, बिगबास्केट, हुंडई, फ्रूटी, डेकोर, फेयर एंड हैंडसम, [illegible] बैंक, फूडपैंडा, रिलायंस जियो और दुबई टूरिज्म जैसे जाने-माने नाम हैं।

### बायजूस से 3.4 करोड़ की सालाना डील

जहां तक शाहरुख खान की बात है तो वह हुंडई, LG, ICICI, दुबई टूरिज्म और रिलायंस जियो जैसे कई दिग्गज ब्रांड को एंडोर्स कर रहे हैं, लेकिन बायजूस उनके सबसे बड़े स्पॉन्सरशिप ब्रांड में एक है और सूत्रों के मुताबिक इसके साथ उनकी 3.4 करोड़ रुपए की सालाना डील है। शाहरुख के साथ कंपनी ने तीन हफ्ते पहले ही नया ऐड कैंपेन शुरू किया था।

### 2017 से ही बायजूस के ब्रांड एंबेसडर हैं

ऐड वर्ल्ड में शाहरुख खान कितना रुतबा है इसका पता इसी से चलता है कि डफ एंड फेल्प्स के हालिया सेलिब्रिटी ब्रांड वैल्यूएशन स्टडी में वह 5.11 करोड़ डॉलर की ब्रांड वैल्यू के साथ चौथे नंबर पर रहे थे। इसी स्टडी के मुताबिक, टीवी एंडोर्समेंट में देश के टॉप ऐड प्रॉडक्ट ब्रांड में बायजूस का नाम आता है, जिसके साथ वह 2017 से ब्रांड एंबेसडर के तौर पर जुड़े हैं।

### खान फैमिली की नेटवर्थ 96.50 करोड़ डॉलर

साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट में पिछले महीने छपी खबर में खान फैमिली को भारत की सबसे रईस बॉलीवुड सेलिब्रिटी फैमिली बताया गया था। उसके मुताबिक, शाहरुख खान और उनकी पत्नी गौरी खान की टोटल नेटवर्थ 96.50 करोड़ डॉलर (7,250 करोड़ रुपए ) है। इसी वेबसाइट के मुताबिक उनकी अपनी नेटवर्थ लगभग 75 करोड़ डॉलर है, जो उन्होंने कामयाब फिल्मों और ब्रांड एंडोर्समेंट से कमाई है।

### फोर्ब्स की रईस सेलेब की लिस्ट में नंबर चार

फोर्ब्स ने भी पिछले महीने ही एक खबर में लिखा था कि शाहरुख खान लगभग 69 करोड़ डॉलर की नेटवर्थ के साथ 2021 की रईस भारतीय सेलिब्रिटीज की लिस्ट में नंबर चार पर हैं। ये रेड चिलीज के नाम से अपना प्रोडक्शन हाउस चलाते हैं और ये इंडियन प्रीमियर लीग क्रिकेट टीम कोलकाता नाइट राइडर्स के को ओनर भी हैं।

### सोशल मीडिया पर 10.64 करोड़ फॉलोअर्स

शाहरुख का जलवा सोशल मीडिया में भी है, जहां फेसबुक और ट्विटर पर 4.2-4.2 करोड़ और इंस्टाग्राम पर 2.65 करोड़ सहित कुल 10.64 करोड़ फॉलोअर्स हैं और जो उनकी हर पोस्ट पर औसतन 10 लाख का एंगेजमेंट देते हैं। उन्हीं फॉलोअर में से कुछ आर्यन के केस को लेकर उनके साथ जुड़ाव पर बायजूस की आलोचना कर रहे हैं। डफ एंड फेल्प्स की स्टडी के मुताबिक, सोशल मीडिया में उनके फॉलोअर्स की संख्या 2018 से 2020 के बीच 14.5त्न सालाना चक्रवृद्धि दर से बढ़ी है, जो टॉप 5 सेलिब्रिटी में सबसे कम है।

### 18 अरब डॉलर वैल्यू, देश की सबसे वैल्यूएबल स्टार्टअप

इसी बीच अगर बायजूस की बात करें तो इस एडुटेक ऐप कंपनी ने पिछले दो साल में देश-विदेश में काफी तेजी से अपने कारोबार का विस्तार किया है। उसने इस दौरान फिजिकल स्पेस में मौजूद दिग्गज कोचिंग ब्रांड आकाश इंस्टीट्यूट को भी खरीदा है। यह 18 अरब डॉलर (1,35,000 करोड़ रुपए) के वैल्यूएशन के साथ इस समय देश की सबसे वैल्यूएबल स्टार्टअप है और फिलहाल IPO की तैयारियों में जुटी कंपनी ने इसी हफ्ते 30 करोड़ डॉलर (2,250 करोड़ रुपए ) की रकम जुटाई थी।

# दिल्ली में बिजली संकट की आहटः बिजली संभलकर इस्तेमाल करें, दिल्ली के ऊर्जा मंत्री बोले- 1 दिन का कोयला बचाः टाटा पावर

**आईटीडीसी इंडिया ई-प्रेस/ आईटीडीसी न्यूज नई दिल्ली**



पिछले साल के मुकाबले कोयले का स्टॉक इस साल 76% कम

इंडियन एनर्जी एक्सचेंज पर बिजली की औसत कीमत 63% बढ़कर 4.4 रु. हुई

दिल्ली में बिजली संकट की आहट शुरू हो गई है। दिल्ली के उत्तरी हिस्से में बिजली सप्लाई करने वाली कंपनी टाटा पावर ने लोगों को मैसेज भेजकर सतर्क रहने और बिजली का संभलकर इस्तेमाल करने के लिए कहा है। मैसेज में कहा गया है कि राजधानी में दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक सप्लाई पर असर पड़ सकता है। अगर जल्द ही कोयला सप्लाई नहीं की गई तो 2 दिन बाद बड़े स्तर पर कटौती शुरू हो सकती है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने भी बिजली संकट को लेकर चिंता जाहिर की है। उन्होंने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चिट्?ठी लेकर इस मसले पर ध्यान देने की अपील की।

**दिल्ली के ऊर्जा मंत्री ने कहा- कोयला नहीं हैः** दिल्ली के ऊर्जा मंत्री सत्येंद्र जैन ने कहा कि पूरे देश में कोयले से चलने वाले पावर प्लांट में कोयले की बहुत कमी है। दिल्ली को जिन प्लांट से बिजली आती है, उनमें 1 दिन का स्टॉक बचा है। कोयला बिल्कुल नहीं है। केंद्र सरकार से अपील है रेलवे वैगन का इस्तेमाल कर कोयला जल्द पहुंचाया जाए।

**कोयला संकट की वजह से परेशानीः** देश में लगभग 70त्न बिजली कोयले से बनती है। बिजली उत्पादन के लिए पावर प्लांट्स के पास कोयले का स्टॉक काफी कम रह गया है। देश में कोयले से 135 पावर प्लांट हैं। इनमें अभी 2 से 4 दिन का स्टॉक है।

**केजरीवाल ने पत्र में क्या लिखाः** दिल्ली के मुख्यमंत्री ने केंद्र सरकार से बिजली की आपूर्ति करने वाले संयंत्रों को पर्याप्त मात्रा में कोयले की व्यवस्था करवाने की अपील की है। उन्होंने इस मामले में केंद्र से हस्तक्षेप करने को कहा है।

**एक परेशानी यह भीः** देश की लगभग तीन चौथाई कोयले की जरूरत घरेलू खानों से पूरी होती है, लेकिन भारी बारिश के चलते उनमें और ट्रांसपोर्ट रूट पर पानी भर गया है। ऐसे में कोयले से पावर प्लांट्स चलाने वाली कंपनियों के सामने दुविधा यह है कि नीलामी में जो भी कोयला मिले, उसके लिए ज्यादा प्रीमियम दें या विदेशी बाजार से मंगाएं, जहां पहले से कीमत रिकॉर्ड हाई लेवल पर है।



जम्मू में आतंकवादियों द्वारा मारे गए नागरिकों के बाद कश्मीरी पंडित परिवार जगती प्रवासी शिविर में लौट आए।

## न्यूज ब्रीफ

### भारत और चीन के बीच कोर कमांडर लेवल की 13वें दौर की बातचीत आज, सीमा विवाद खत्म करने को लेकर चर्चा होगी



**नई दिल्ली ।**भारत और चीन के बीच कोर कमांडर स्तर की 13वें दौर की बातचीत शनिवार को होगी। कल सुबह 10.30 बजे LAC पर चीन के हिस्से वाले मोल्डो में बातचीत शुरू होगी। दोनों देशों के बीच लद्दाख सीमा पर सैनिक गतिरोध लंबे समय से बना हुआ है। माना जा रहा है कि कल की बातचीत में हॉट स्प्रिंग में तैनात सैनिकों के मसले पर चर्चा होगी। दोनों पक्षों के बीच सैन्य स्तर पर 12 दौर की बातचीत हो चुकी है लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकला है।

**लखीमपुर खीरी हिंसा के विरोध में दशहरा के दिन पुतला जलाएंगे किसानः** लखीमपुर खीरी की घटना पर किसान नेता राकेश टिकैत ने कहा कि 15 अक्टूबर को पुतला दहन होगा। 18 अक्टूबर को 6 घंटे ट्रेन रोकी जाएगी। 26 अक्टूबर को बैठक होगी और पूरे देश में उनकी कलश यात्राएं निकलेंगी। उन्होंने कहा कि लखीमपुर में भाजपा कार्यकर्ताओं की हत्या करने वालों को अपराधी मत समझो, उन्होंने केवल प्रदर्शनकारियों के ऊपर एसयूवी चलाने पर प्रतिक्रिया दी थी ।टिकैत ने कहा कि वे कौन थे जो गाड़ी में थे, जिन्होंने लोगों को मारा... जिन्होंने बाद में लाठी से हमला किया, वह एक्शन का रिएक्शन है। कोई योजना नहीं है। वो हत्या में नहीं आता, हम उन्हें दोषी नहीं मानते हैं। डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो में नाव के पलटने से 50 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई और करीब 60 लापता हैं। यह हादसा कांगो नदी में हुआ। उत्तर पश्चिमी प्रांत मोंगाला के गवर्नर के प्रवक्ता नेस्टर मैगबाडो ने बताया कि 51 शवों को बरामद कर लिया गया है, जबकि 60 से ज्यादा लोग अभी भी लापता हैं। इस हादसे में 39 लोग सुरक्षित भी बचे हैं।



मुंबई के वालकेश्वर मंदिर के बाणगंगा टैंक में सैकड़ों मरी हुई मछलियां तैरती हैं। कथित तौर पर टैंक में विभिन्न पितृ पक्ष प्रसाद के कारण मछली की मृत्यु हो गई।

#### लखीमपुर खीरी हिंसा मामला

# केंद्रीय मंत्री के बेटे के गिरफ्तारी की तैयारी, कोर्ट में हो सकती है पेशी



**आईटीडीसी इंडिया ई-प्रेस/ आईटीडीसी न्यूज लखनऊ**

लखीमपुर हिंसा के सातवें दिन मुख्य आरोपी और केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र का बेटा आशीष आज क्राइम ब्रांच के सामने पेश हो गया। उसे क्राइम ब्रांच की ऑफिस में 11 बजे बुलाया गया था, लेकिन वह 10:36 पर 24 मिनट पहले पहुंच गया। रुमाल से उसने अपना मुंह छिपा रखा था। पुलिस उसे क्राइम ब्रांच के पिछले दरवाजे से भीतर ले गई। पिछले 6 घंटे से आशीष से मजिस्ट्रेट के सामने कलमबंद बयान दर्ज किया जा रहा है। आशीष मिश्रा के साथ उनके वकील और मंत्री अजय मिश्रा टेनी के प्रतिनिधि भी अंदर मौजूद हैं। क्राइम ब्रांच के दफ्तर में एसडीएम सदर भी मौजूद हैं। आशीष मिश्रा को थोड़ी देर में मेडिकल जांच और कोर्ट में पेशी के लिए ले जाया जा सकता है, मीडिया को रोकने के लिए सिक्योरिटी बढ़ाई गई। वहीं बताया जा रहा है कि गिरफ्तारी लगभग तय है।

### आशीष ने दंगल में होने के वीडियो पेश किए

आशीष से 6 लोगों की टीम पूछताछ कर रही है। लखीमपुर में क्राइम ब्रांच के दफ्तर में आशीष मिश्रा से मजिस्ट्रेट के सामने सवाल-जवाब हो रहे हैं। आशीष मिश्र अपने वकील के साथ मौजूद हैं। पूछताछ में डीआईजी उपेंद्र अग्रवाल और लखीमपुर के एसडीएम भी पूछताछ में शामिल हैं। आशीष मिश्रा ने अपने पक्ष में कई वीडियो पेश किए। उन्होंने 10 लोगों के बयान का हलफनामा भी पेश किया, जो बताते हैं कि वो काफिले के साथ नहीं था, दंगल मैदान में था।

### किसानों ने खोला मोर्चा

वहीं, दूसरी तरफ संयुक्त किसान मोर्चा ने आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है। संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) ने मांग की है कि को मंत्री पद से हटाने के साथ गिरफ्तार करने, आशीष मिश्रा को भी गिरफ्तार करने की मांग की है, एसकेएम ने इस घटना को लेकर आगे के कार्यक्रमों का भी ऐलान किया।

### गिरफ्तारी को लेकर संशय

DIG, SP विजय ढुल मौके पर हैं। गिरफ्तारी होगी या नहीं? इस सवाल का जवाब देने से हर अधिकारी बचता नजर आया। आशीष के साथ कौन आया है? इसकी जानकारी साझा नहीं की गई है। मंत्री पिता अजय मिश्र टेनी सुबह ही अपने कार्यालय पहुंच गए थे।

# 2022 के विधानसभा चुनाव पर सर्वेः यूपी, उत्तराखंड और मणिपुर में BJP की सरकार बनेगी, पंजाब में त्रिशंकु विधानसभा के आसार

**आईटीडीसी इंडिया ई-प्रेस/ आईटीडीसी न्यूज नई दिल्ली**

UP में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनावों में भी BJP को बहुमत मिलने का अनुमान है। ये बात ABP-C वोटर के सर्वे में सामने आई है। सर्वे के मुताबिक उत्तराखंड और मणिपुर में भी BJP की सरकार बनने की उम्मीद है, लेकिन पंजाब में त्रिशंकु विधानसबा के आसार नजर आ रहे हैं। UP में योगी आदित्यनाथ की अगुआई में BJP का वोट शेयर सबसे ज्यादा 41प्रतिशत रह सकता है। वहीं समाजवादी पार्टी 32प्रतिशत वोट शेयर के साथ दूसरे नंबर पर रह सकती है। बसपा को 15त्न, कांग्रेस को 6त्न और इतना ही वोट शेयर बाकी पार्टियों को मिलने का अनुमान है। सीटों के हिसाब से बात करें तो BJP को 403 में से 241 से 249 सीटें मिलने की उम्मीद है। तो सपा के खाते में 130-138 सीटें जा सकती हैं। वहीं बसपा 15 से 19 और कांग्रेस 3 से 7 सीटों पर सिमट सकती हैं। ABP-C के सर्वे में सामने आया है कि पंजाब में त्रिशंकु विधानसभा की स्थिति बनेगी और आप सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरेगी। 117 विधानसभा सीटों में से 49 से 55 सीटें आप के खाते में जा सकती हैं। कांग्रेस 30 से 47 सीटें जीत सकती है और अकाली दल को 17 से 25 सीटें मिलने का अनुमान है। वहीं BJP और दूसरे दल महज 1-1 सीटों पर सिमट सकते हैं।

### अफगानिस्तान से सेना वापस बुलाने के बाद पहली बार तालिबानी प्रतिनिधियों से मुलाकात करेंगे अमेरिकी अधिकारी

**दोहा ।**अमेरिका शनिवार और रविवार को तालिबान के प्रतिनिधियों के साथ आमने-समाने बात करने जा रहा है। यह बैठक कतर के दोहा में होगी। 30 अगस्त को अफगानिस्तान से अमेरिका के सेना वापस बुलाने के बाद अमेरका और तालिबान के बीच यह पहली फेस-टु-फेस मीटिंग होगी। हालांकि, अमेरिका ने यह भी साफ किया है कि इस बैठक का मतलब यह नहीं है उसने तालिबान की सरकार को मान्यता दे दी है। हम इस मामले को लेकर स्पष्ट हैं कि अगर तालिबान को मान्यता चाहिए तो उसे अपने एक्शन से इसे हासिल करना होगा। अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा, हम तालिबान पर दबाव बनाएंगे कि वे सभी अफगानी लोगों, खासतौर पर महिलाओं और बच्चियों के अधिकारों का सम्मान करें। साथ ही ज्यादा लोगों के समर्थन से समावेशी सरकार बनाएं।

# शांति के साथ ताइवान को चीन में शामिल करेंगेः राष्ट्रपति जिनपिंग

**बीजिंग ।**ताइवान को एक दिन पहले हमले की धमकी देने वाले चीन के सुर बदले नजर आ रहे हैं। हालांकि ड्रैगन की नजर अभी भी टेढ़ी ही बनी हुई है। चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने शनिवार को कहा कि वह शांतिपूर्ण तरीके से ताइवान को चीन में शामिल करेंगे। इससे पहले चीन ने हमले की धमकी थी। बीजिंग के ग्रेट हॉल ऑफ द पीपुल में अंतिम शाही राजवंश की समाप्ति (1911) के लिए हुई क्रांति की साल गिरह पर जिनिपंग ने कहा- चीन किसी भी कीमत पर अपनी संप्रभुता की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। ताइवान को शांतिपूर्ण तरीके से चीन में मिलाना दोनों देशों के विकास के लिए जरूरी है। जिनपिंग ने कहा, किसी को भी चीन की संप्रभुता और अखंडता के प्रति समर्पण और क्षमता को कम करके नहीं आंकना चाहिए। देश के ऐतिहासिक एकीकरण का काम जरूर पूरा होगा। चीनी राष्ट्रपति के बयान पर ताइवान ने जवाब दिया है। ताइवान के राष्ट्रपति कार्यालय ने कहा है कि वे एक स्वतंत्र देश है। ताइवान चीन गणराज्य का हिस्सा नहीं था उन्होंने एक देश, दो प्रणाली के चीन के प्रस्ताव को सिरे से खारिज कर दिया है। साथ ही कहा कि देश का भविष्य ताइवान के लोगों के हाथों में है।




रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह नई दिल्ली में अपने अलंकरण समारोह के अवसर पर भारतीय तटरक्षक बल के कर्मियों को संबोधित करते हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### फीडे ग्रांड स्विस - विदित गुजराती हरिका द्रोणावल्ली होंगे शीर्ष भारतीय



**रीगा , लातविया।** फीडे ग्रांड स्विस के आयोजन मे अब कुछ ही दिन शेष है और इसमें खेलने वाले खिलाड़ियों की अंतिम सूची जारी कर दी गयी है । इस टूर्नामेंट से 2 खिलाड़ियों को सीधे फीडे कैंडीडेट में प्रवेश दिया जाएगा आपको बता दे फीडे कैंडीडेट जीतने वाला खिलाड़ी ही विश्व शतरंज चैम्पियनशिप का फाइनल खेलता है और विश्व चैम्पियन को चुनौती देता है । विश्व शतरंज संघ की जारी की गयी सूची मे पुरुष वर्ग में विश्वनाथन आनंद के नाम वापस लेने के बाद भारत के विदित गुजराती को नौवीं वरीयता दी गयी है जबकि महिला वर्ग में हरिका को पाँचवीं वरीयता दी गयी है , अभी कुछ दिन पहले ही विदित विश्व कप के क्वाटर फाइनल में पहुँचने वाले दूसरे भारतीय बने थे तो हरिका ने विश्व टीम स्पर्धा में व्यक्तिगत रजत पदक हासिल किया था , विदित समेत कुल 12 भारतीय खिलाड़ी इस प्रतियोगिता मे पुरुष वर्ग में खेलेंगे अन्य भारतीय खिलाड़ियों में पेंटाला हरीकृष्णा को 12 वीं ,अधिबन भास्करन को 33वीं ,निहाल सरीन को 51वीं ,गुकेश डी को 62वीं ,कृष्णन शशिकीरण को 65वीं ,अर्जुन एरिगासी को 70वीं ,एसपी सेथुरमन को 89वीं,प्रग्गानंधा को 90,सूर्या शेखर गांगुली को 91वीं ,अरविंद चितांबरम को 93वीं ,रौनक साधवानी को 94वीं वरीयता दी गयी है ।पुरुष वर्ग में यूएसए के फबियानों करूआना शीर्ष वरीय खिलाड़ी होंगे । महिला वर्ग में हरिका के अलावा दो अन्य महिला खिलाड़ी इसमें भाग लेंगी । हरिका के अलावा आर वैशाली को 28वीं वरीयता तो दिव्या देशमुख को 47वीं वरीयता दी गयी है । पुरुष वर्ग में कुल 114 तो महिला वर्ग में 50 खिलाड़ियों को इस महत्वपूर्ण स्पर्धा में स्थान मिला है ।

### सोशल मीडिया पर ट्रोल हुए रमीज राजा, भारत को लेकर कही थी ये बातें

**नई दिल्ली।** टी-20 विश्व कप से पहले ही पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने माइंड गेम शुरू कर दिया है। बोर्ड के अध्यक्ष रमीज राजा ने अपने खिलाड़ियों के लिए नया फरमान जारी किया है। टी-20 विश्व कप में भारत अपने अभियान की शुरुआत पाकिस्तान के खिलाफ 24 अक्टूबर को करेगा। इसको लेकर रमीज ने अपने खिलाड़ियों से कहा है कि अगर वह भारत को हरा देते हैं, तो सभी को ब्लैंक चेक दिए जाएंगे। रमीज ने आईपीसी की एक बैठक में ये बात कही। रमीज ने बताया कि एक बड़े निवेशक ने मुझे कहा है कि पाकिस्तान क्रिकेट टीम को वे ब्लैंक चेक देंगे। हालांकि, यह सिर्फ उस हालत में होगा, जब पाकिस्तान क्रिकेट टीम आगामी विश्व कप में भारतीय टीम को हराएगी। इसी को लेकर सोशल मीडिया ऐप कू पर लोगों ने उन्हें ट्रोल कर दिया है।

**भारत-पाकिस्तान का अब तक का रिकॉर्ड:-** अगर भारत और पाक्सितान का अब तक का रिकॉर्ड देखा जाए तो पाकिस्तान टीम वनडे या टी-20 विश्व कप में कभी भारत टीम को अभी तक किसी भी फॉर्मेट में हरा नहीं पायी है। पाकिस्तान और भारत के बीच दोनों फॉर्मेट में अब तक विश्व कप में 7 मुकाबले हुए हैं। इसमें सभी मैच भारत ने जीते हैं। टी-20 विश्व कप में दोनों तकरीबन 5 बार आमने सामने आ चुके हैं। इसमें 5 मुकाबले भारत ने जीते हैं।

# टी-20 विश्वकप में नए रंग में नजर आएगी टीम इंडिया

## 13 अक्टूबर को भारतीय टीम की नई जर्सी लॉन्च करेगी बीसीसीआई, 24 को पाकिस्तान के साथ खेला जाएगा महा-मुकाबला

**आईटीडीसी इंडिया ई-प्रेस/ आईटीडीसी न्यूज नई दिल्ली**

टी-20 वर्ल्ड कप को लेकर BCCI ने बड़ी घोषणा की है। इस मेगा इवेंट में टीम इंडिया नई जर्सी पहने नजर आएगी। ये जर्सी सबके सामने 13 अक्टूबर को आएगी। भारतीय टीम टी-20 वर्ल्ड कप में अपना पहला मुकाबला 24 अक्टूबर को पाकिस्तान के खिलाफ खेलने वाली है। अभी टीम इंडिया की टी-20 जर्सी नेवी ब्लू रंग की है। इसी तरह की जर्सी 1992 विश्व कप में टीम इंडिया ने पहनी थी।



बता दें, वर्ल्ड कप का आयोजन 17 अक्टूबर से 14 नवंबर तक होना है। क्वालीफाइंग राउंड मिलाकर कुल 45 मैच खेले जाएंगे। इसमें से क्वालीफायर राउंड में 12 मैच और सुपर-12 राउंड में 30 मैच खेले जाएंगे। इसके अलावा सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबले होंगे। भारत-पाकिस्तान मैच से पहले जर्सी को लेकर विवाद भी हो गया है। पाकिस्तान टीम ने जर्सी पर आईसीसी मेन्स टी-20 वर्ल्ड कप इंडिया लिखवाने की बजाय आईसीसी मेन्स टी-20 वर्ल्ड कप यूएई लिखवाया है। पाकिस्तान टीम की जर्सी के फोटोज सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। वर्ल्ड कप का आयोजन भारत में होने वाला था। लेकिन कोरोना महामारी के कारण अब इसका आयोजन यूएई और दुबई में किया जा रहा है। लेकिन इसकी मेजबानी भारत के पास ही है। वर्ल्ड कप के लिए टीमों की आखिरी लिस्ट 10 अक्टूबर तक जारी करनी है। 10 अक्टूबर तक सभी टीमें बदलाव कर सकती हैं।

टी-20 वर्ल्ड कप के लिए भारतीय टीम इस प्रकार है- विराट कोहली, रोहित शर्मा, लोकेश राहुल, सूर्यकुमार यादव, जसप्रीत बुमराह, भुवनेश्वर कुमार, मोहम्मद शमी, हार्दिक पंड्या, रविंद्र जडेजा, राहुल चाहर, अक्षर पटेल, रविचंद्रन अश्विन, वरूण चक्रवर्ती, ऋषभ पंत, ईशान किशन, श्रेयस अय्यर, शार्दूल ठाकुर और दीपक चाहर।

# टी-20 वर्ल्ड कप टीम में हो सकता है बदलाव!

## कोहली, रोहित और कोच रवि शास्त्री के साथ बीसीसीआई की मीटिंग, हार्दिक-ईशान और राहुल चाहर पर होगा फोकस

**आईटीडीसी इंडिया ई-प्रेस/ आईटीडीसी न्यूज नई दिल्ली**

टी-20 वर्ल्ड कप के लिए 10 अक्टूबर तक सभी टीमों को अपनी फाइनल टीम चुन लेनी है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार इसको लेकर टीम इंडिया बड़ी बैठक करने जा रही है। शनिवार को सेलेक्शन कमेटी, BCCI, कोच रवि शास्त्री, कप्तान विराट कोहली और उप-कप्तान रोहित शर्मा के बीच खिलाड़ियों के आखिरी चुनाव को लेकर अहम बैठक होगी। बीसीसीआई की ओर से जय शाह मीटिंग में मौजूद रहेंगे।




### राहुल चाहर की जगह क्या युजवेंद्र चहल लेंगे?

आईपीएल फेज-2 में शानदार गेंदबाजी करने वाले युजवेंद्र चहल को लेकर मीटिंग में चर्चा होने की संभावना है। टी-20 वर्ल्ड कप के लिए चहल का चयन नहीं किया गया था। उनकी जगह राहुल चाहर को मौका मिला। हीं, राहुल का प्रदर्शन आईपीएल के दूसरे फेज में कुछ खास नहीं रहा है। राहुल आईपीएल में रोहित शर्मा की कप्तानी में मुंबई इंडियंस के लिए खेलते हैं। रोहित खुद इस मीटिंग में मौजूद रहेंगे।

### हार्दिक पंड्या होंगे चर्चा का प्रमुख विषय

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार टी-20 वर्ल्ड कप के लिए टीम इंडिया में चुने गए ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या के खराब फॉर्म को लेकर बड़ी चर्चा की संभावना है। खराब फॉर्म के साथ-साथ हार्दिक की खराब फिटनेस टीम इंडिया के चिंता का विषय बनी हुई है। इसके साथ ही आईपीएल फेज-2 में ईशान किशन की फॉर्म को लेकर भी टीम इंडिया की मैनेजमेंट परेशान है। वर्ल्ड कप में चयन के बाद ईशान का बल्ला कुछ खास कमाल नहीं कर पाया है। हालांकि, उन्होंने अपने आखिरी मुकाबले में राजस्थान के खिलाफ शानदार अर्धशतक जड़कर फॉर्म में वापसी के संकेत दिए हैं। ईशान की जगह श्रेयस अय्यर को मौका देने की बात कही जा रही है। इस टीम मीटिंग के बाद कंफर्म हो जाएगा कि अय्यर टी-20 वर्ल्ड कप का हिस्सा होंगे या नहीं। हार्दिक पंड्या ने आईपीएल के दूसरे फेज में एक भी गेंद नहीं डाली है। वहीं, उन्होंने इस सीजन 11 मैच में सिर्फ 117 रन बनाए हैं। टी-20 वर्ल्ड कप के लिए भारतीय टीम स्पेशलिस्ट बैट्समैन- विराट कोहली, रोहित शर्मा, लोकेश राहुल, सूर्यकुमार यादव पेस अटैक- जसप्रीत बुमराह, भुवनेश्वर कुमार, मोहम्मद शमी ऑलराउंडर- हार्दिक पंड्या, रविंद्र जडेजा स्पिन अटैक- राहुल चाहर, अक्षर पटेल, रविचंद्रन अश्विन, वरूण चक्रवर्ती विकेट कीपर- ऋषभ पंत, ईशान किशन स्टैंड बाई- श्रेयस अय्यर, शार्दूल ठाकुर और दीपक चाहर।

# सूर्यकुमार को 141.7 की रफ्तार से गेंद लगी, विरोधी टीम भी सकपका कर फिजियो बुलाने लगी

**आईटीडीसी इंडिया ई-प्रेस/ आईटीडीसी न्यूज नई दिल्ली**

सूर्यकुमार यादव ने IPL के 14वें मैच में घातक बल्लेबाजी की। मैच था मुंबई इंडियंस और सनराईजर्स हैदराबाद के बीच। MI की तरफ से खेलने वाले सूर्यकुमार ने सिर्फ 35 गेंद में 81 रन बना लिए थे। इन 35 गेंदों में से आखिरी तीन गेंदों पर उन्होंने लगातार 3 चौके जड़े। लेकिन, 36वीं गेंद उनके बैट से टकराती हुई उनके हेलमेट के कनपटी वाले हिस्से पर जाकर लगी। गेंद की रफ्तार 141.7 किलोमीटर प्रति घंटा थी।

गेंद फेंकने वाले बॉलर थे उमरान मलिक, जो फिलहाल इस IPL में सबसे तेज गेंदबाज हैं और कश्मीर एक्सप्रेस के नाम से मशहूर हैं। सूर्यकुमार यादव ने जब उमरान की लगातार तीन गेंदों पर चौके जड़े तो इस फास्ट बॉलर का पारा चढ़ गया। अगली गेंद उसने लगभग छाती की ऊंचाई पर 141.7 की रफ्तार से फेंकी। लेकिन, किसी सूरत में मुंबई के लिए प्ले ऑफ में जगह बनाने की कोशिश में लगे सूर्यकुमार ने इस घातक गेंद पर भी बल्ला चलाया। गेंद बल्ले से टकराई और फिर उनके कान के ठीक नीचे जा लगी। गेंद लगते ही वो तिलमिलाते नजर आए।



### सूर्यकुमार की हालत देख भागते आए खिलाड़ी

पीछे से विरोधी टीम के विकेट कीपर ऋद्धि?मान साहा भागते-भागते आए। सूर्यकुमार की हालत देखते ही वो स्टैंड की ओर तेजी से इशारा कर उनके लिए फिजियो और मेडिकल सुविधा की मांग करने लगे। फिजियो मैदान पर पहुंचे। तब तक सूर्यकुमार होश संभाल बैठे थे। फिजियो के साथ मुंबई इंडियन्स के कुछ खिलाड़ी भी भागते आए। शायद कोई भी आम मैच होता तो सूर्यकुमार लौट जाते। लेकिन बात आर या पार की थी। सूर्यकुमार यादव के बल्ले को पहली बार इस तरह से गरजते देखा जा रहा था। ओवर भी 19वां था। सिर्फ 8 गेंदें खेलने को और बचीं थी। मुंबई का स्कोर 229 रन था।



**लीमा।** रिदम सांगवान और विजयवीर सिद्धू की भारतीय जोड़ी ने आईएसएसएफ जूनियर निशानेबाजी विश्व चैंपियनशिप में 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। यह भारत का प्रतियोगिता में कुल 23वां पदक है जिससे उसने शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत की है। सांगवान और सिद्धू ने थाईलैंड के कान्याकोर्न हिरुनफोम और श्वाकोन त्रिनिफाकरोन को 9-1 से हराकर भारत को चैंपियनशिप में 10वां स्वर्ण पदक दिलाया। भारत ने इस स्पर्धा का कांस्य पदक भी जीता। तेजस्विनी और अनीश ने थाइलैंड के ही चाविसा पादुका और राम खामहेंग को 10-8 से पराजित करके कांसे का तमगा हासिल किया।

SUPER HERO

यदि आप

किसी भी व्यक्ति को जानते है
जिसने, सामाजिक सरोकार में
असाधारण प्रदर्शन किया हो,
वह व्यक्ति आप स्वयं भी हो सकते हैं,
दोनों स्थिति में हमें पूर्ण विवरण, भेजें।

हम देश के असली नायक
SUPER HERO MP 2021
SUPER HERO IND 2021
खोज रहे हैं, उन्हें समाज, राष्ट्र के सामने लाना और
सम्मान दिलवाना, आपका-हमारा संयुक्त प्रयास रहेगा।

Contact: Editorial Desk (Lifestyle),
ITDC News, 9826 220022
Email: responseitdc@gmail.com

PRESS ITDC
ITDC NEWS

# जीतकर भी हार गई मुंबई; हैदराबाद को 42 रन से हराया, फिर भी प्ले-ऑफ से बाहर, देखिए फाइनल पॉइंट्स टेबल

**आईटीडीसी इंडिया ई-प्रेस/ आईटीडीसी न्यूज नई दिल्ली**

मुंबई इंडियंस ने आईपीएल 2021 के अपने आखिरी लीग मैच में सनराइजर्स हैदराबाद को 42 रन से हरा दिया। मुंबई ने 20 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 235 रन बनाए। वर्ल्ड कप के लिए भारतीय टीम में चुने गए दो सितारों ईशान किशन और सूर्यकुमार यादव ने धुआंधार बल्लेबाजी की। ईशान ने 32 गेंदों पर 84 रन बनाए। वहीं सूर्यकुमार ने 40 गेंदों पर 82 रनों की पारी खेली। जवाब में हैदराबाद की टीम 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 193 रन ही बना सकी। इस मैच में कप्तानी कर रहे मनीष पांडे ने सबसे ज्यादा 69 (नाबाद) रन बनाए। मुंबई की टीम इस जीत के बावजूद प्ले ऑफ में नहीं पहुंच सकी। इसके लिए उसे यह मैच कम से कम 171 रनों से जीतना था।




### 19वें ओवर का रोमांच

मैच के 19वें ओवर के दौरान उमरान मलिक ने इस सीजन की सबसे तेज गेंद फेकी। पहले सूर्यकुमार यादव ने उनको लगातार 3 चौके जड़े फिर मलिक की तेज गेंद सूर्यकुमार के बल्ले से लगते हुए उनके सिर पर लगी। जिसके बाद कुछ देर तक मैच रोकना पड़ा।

### ईशान किशन का जलवा

ईशान ने मैच में शानदार पारी खेली। उन्होंने 32 बॉल में 84 रन बनाए। ईशान ने सिर्फ 16 गेंदों पर 50 रन का आंकड़ा पार कर लिया। ईशान का अर्धशतक मुंबई के लिए आईपीएल में किसी भी बल्लेबाज द्वारा जमाया गया सबसे तेज अर्धशतक है। इसके साथ ही ये सीजन की सबसे तेज फिफ्टी भी है। उमरान मलिक ने उनको आउट किया। हार्दिक पंड्या एक बार फिर फ्लॉप रहे। वे 8 गेंदों पर 10 रन बनाकर आउट हुए।

### बिना आउट पोलार्ड चले पवेलियन

11वें ओवर के दौरान सिद्धार्थ कौल ने पोलार्ड के खिलाफ LBW की जोरदार अपील की। अंपायर ने उन्हें आउट दे दिया था, फिर पोलार्ड ने रिव्यू लिया। लेकिन जब उन्होंने रीप्ले देखा तो उन्हें लगा वो आउट हैं। ये देख वो वापस जाने लगे। लेकिन थर्ड अंपायर ने जब पूरा रीप्ले देखा तो गेंद विकेट को हीट नहीं कर रही थी।

## न्यूज ब्रीफ

### चीन में बिजली संकट से रसायन कंपनियों को बल



**नई दिल्ली।** चीन का बिजली संकट संरचनात्क वृद्धि का संचालक हो सकता है और यह केवल एक बार वाली घटना नहीं है, इस उम्मीद से रासायनिक शेयरों को बढ़ावा मिल रहा है। खबरों के अनुसार चीन में बिजली की बढ़ती कमी से कई कारखानों के उत्पादन में रुकावट आ गई है, जिनमें कई रासायनिक विनिर्माता भी शामिल हैं। विश्लेषकों का कहना है कि इस घटनाक्रम से देश में रासायनिक उत्पादन 25 प्रतिशत तक प्रभावित हो सकता है, जिसके परिणामस्वरूप भारतीयों को लाभ मिल सकता है, विशेष रूप से रासायनिक विनिर्माताओं को। एसीई इक्विटी के आंकड़े बताते हैं कि पिछले दो सप्ताह से बीएसई पर गुजरात एल्कलीज ऐंड केमिकल्स, इंडिया ग्लाइकोल्स, मेघमणि फाइनकेम, केमप्लास्ट सनमार और सोलर इंडस्ट्रीज जैसे शेयरों में 25 से 56 प्रतिशत के बीच इजाफा हुआ है, जबकि बीएसई 500 सूचकांक में 2.4 प्रतिशत और एसऐंडपी बीएसई सेंसेक्स में 1.4 की बढ़त मिली है। बीऐंडके सिक्योरिटीज के शोध विश्लेषक रंजीत सिरुमल्ला के अनुसार चीन में बिजली की कमी और सीमित वैश्विकआपूर्ति में विस्तार के कारण हालिया आपूर्ति व्यवधान इस खंड को लगातार रिटर्न और आय वृद्धि देने के लिए पर्याप्त बल प्रदान कर रहा है। पार्थ अधिया और विरल शाह के साथ एक सह-लेखक वाले नोट में उन्होंने कहा है कि हालांकि हाल के अधिकांश व्यवधानों से निकट अवधि में अप्रत्याशित लाभ मिलने की संभावना है, लेकिन इन घटनाओं का संरचनात्मक संचालकों में तब्दील होने की संभावना है।

# लॉजिस्टिक की लागत बचेगी : इमामी एग्रोटेक का 2025 तक 25 हजार करोड़ टर्नओवर का लक्ष्य

## कांडला रिफाइनरी का ऑपरेशन शुरू

**आईटीडीसी इंडिया ई-प्रेस/ आईटीडीसी न्यूज नई दिल्ली**

इमामी एग्रोटेक ने 2025 तक 25 हजार करोड़ रुपए के टर्नओवर का लक्ष्य रखा है। यह सेक्टर की मेजर कंपनी इमामी ग्रुप की कंपनी है। यह मूलरूप से खाने के तेल और बायोडीजल की विविधीकृत यानी कई कारोबार में शामिल कंपनी है।

### कंपनी ने एक्सचेंज को दी जानकारी

कंपनी ने स्टॉक एक्सचेंज को दी गई जानकारी में कहा कि इमामी ने गुजरात के कांडला में अपना नया प्लांट शुरू किया है। यह प्लांट खाने के तेल का प्रोडक्शन करेगा। नए प्लांट से कंपनी अपने रोडमैप को तैयार करेगी। यह खाने के तेल के साथ फूड सेगमेंट और बिजनेस के लक्ष्यों को प्राप्त करने पर फोकस करेगी। कांडला रिफाइनरी की प्रोडक्शन क्षमता 3200 टन प्रति दिन की है। कंपनी की भारत में यह चौथी प्रोडक्शन यूनिट है। कंपनी की एक प्रोडक्शन यूनिट हल्दिया में है जबकि दूसरी कृष्णापट्टनम और तीसरी जयपुर में है। कांडल ा प्लांट के साथ ही इमामी एग्रोटक की खाने के तेल की प्रोडक्शन क्षमता 12 हजार टन प्रति दिन की हो जाएगी। इससे पहले यह क्षमता 9 हजार टन प्रतिदिन की थी। इमामी एग्रोटेक रिफाइंड पाम ऑयल, रिफाइंड सोयाबीन ऑयल और वैल्यू एडेड प्रोडक्ट जैसे वनस्पति और बेकरी फैट्स का उत्पादन कांडला रिफाइन री से करेगी।

### इमामी के कांडला प्लांट से 2 हजार रोजगार पैदा होगा



- कांडला रिफाइनरी की 3200 टन रोजाना की क्षमता होगी
- चारों प्लांट से रोजाना की प्रोडक्शन क्षमता 12 हजार टन होगी
- कंपनी 3 सालों में 1000-1500 करोड़ का निवेश करेगी

### इमामी एग्रोटेक यंग कंपनी है

इमामी ग्रुप के डायरेक्टर आदित्य अग्रवाल ने कहा कि इमामी एग्रोटेक एक यंग कंपनी है और यह डायनॉमिक और आक्रामक बिजनेस रणनीति का पालन शुरू से ही करती है। पिछले 11 सालों से यह कंपनी अच्छा काम कर रही है। कांडला प्लांट के शुरू होने से हमें हमारे लक्ष्यों को राष्ट्रीय स्तर पर पूरा करने में मदद मिलेगी। हमारा फोकस 25 हजार करोड़ रुपए के टर्नओवर के लक्ष्य को 2025 तक पूरा करना है। हम लगातार नई कैटेगरी में प्रवेश कर रहे हैं। अगले तीन सालों में हम 1000-1500 करोड़ रुपए का निवेश करेंगे। इसके जरिए लीडिंग फूड ब्रांड के रूप में हम उभर सकते हैं।

### कांडला प्लांट 600 करोड़ रुपए का है

इमामी ग्रुप के डायरेक्टर मनीष गोयनका ने कहा कि कांडला का प्लांट 600 करोड़ रुपए का ग्रीनफील्ड प्रोजेक्ट है। यह 54 एकड़ जमीन पर बना है। इसे डेढ़ साल में ही शुरू कर दिया गया। वह भी ऐसे समय में, जब कोरोना की चुनौतियों से बिजनेस बंद थे। इसके जरिए हम ज्यादा से ज्यादा ग्राहकों तक पहुंच बनाने में सफल होंगे। इसके जरिए उत्तरी और पश्चिमी बाजारों में हमारी पहुंच बढ़ेगी।

### यूरोपियन मशीनरी का उपयोग

उन्होंने कहा कि प्लांट में पूरी यूरोपियन मशीनरी का उपयोग किया गया है। भारतीय खाने के तेल की इंडस्ट्री में यह नवीनतम मशीनें हैं। पूरे कांडला क्षेत्र में यह एकमात्र खाने का प्लांट है। इसके जरिए लॉजिस्टिक की लागत को बचाने में मदद मिलेगी। इस प्लांट के जरिए इमामी हेल्दी एंड टेस्टी और हिमानी बेस्ट च्वॉइस, वनस्पति ब्रांड रसोई और बेक मैजिक के प्रोडक्ट को बनाया जाएगा। इस प्लांट के जरिए 2 हजार लोगों को डायरेक्ट और इनडायरेक्ट रोजगार मिलेगा।

# एयरटेल शानदार ऑफर्स : 12 हजार रुपए तक का स्मार्टफोन खरीदो, रिचार्ज करो और 6 हजार रुपए का कैशबैक पाओ

**आईटीडीसी इंडिया ई-प्रेस/ आईटीडीसी न्यूज नई दिल्ली**

टेलीकॉम कंपनी एयरटेल स्मार्टफोन पर 6 हजार रुपए का कैशबैक दे रही है। यह दो इंस्टॉलमेंट में मिलेगा। एयरटेल के पोर्टल से नए स्मार्टफोन खरीदने पर यह कैशबैक 3 साल के दौरान मिलेगा। कैशबैक सैमसंग, शाओमी, वीवो, ओपो, रियलमी, नोकिया, आईटेल, लावा, इनफिनिक्स, टेक्नो, लेनेव ो और मोटोरोला जैसे 12 ब्रांडों के 12,000 रुपए तक की कीमत वाला नया




स्मार्टफोन खरी दने वाले ग्राहकों को मिलेगा। ग्राहकों को कैशबैक कंपनी के प्रोग्राम मेरा पहला स्मार्टफोन के तहत मिलेगा। कंपनी ने कहा कि इस बैनिफिट का लाभ उठाने के इच्छुक ग्राहकों के लिए 150 से अधिक स्मार्टफोन लिस्टेड किए गए हैं।

### दो भागों में ऐसे मिलेगा कैशबैक

कैशबैक बेनिफिट का लाभ उठाने के लिए, ग्राहक को 36 महीनों तक लगातार 249 रुपए या उससे ज्यादा के एयरटेल प्रीपेड पैक के साथ रिचार्ज करना होगा। ग्राहक को कैशबैक दो भागों में मिलेगा - पहली किस्त 2000 रुपए 18 महीने के बाद और शेष 4000 रुपए 36 महीनों के बाद मिलेगी।

### ऐसे समझिए कैशबैक का गणित

कंपनी आपसे 36 महीनों में 249 का रिचार्ज कराएगी यानी 249×36= 8,964 रुपए। इसके बाद कंपनी आपको 18 महीने के बाद पहली किस्त में 2000 रुपए और शेष 36 महीनों के बाद 4000 रुपए देगी। वन-टाइम फ्री स्क्रीन रिप्लेसमेंट मिलेगा। इस कार्यक्रम का ऑप्शन लेने वाले ग्राहक को डैमेज के मामले में सर्विफाई द्वारा वन-टाइम फ्री स्क्रीन रिप्लेसमेंट मिलेगा।

## टीसीएस का मुनाफा 14 फीसदी बढ़ा

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी आईटी सेवा प्रदाता कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीस ीएस) का संचयी शुद्ध मुनाफा चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में 14.1 फीसदी बढ़कर 9,6 24 करोड़ रुपये रहा। पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में कंपनी को 8,433 करोड़ रुपये का शुद्ध मुनाफा हुआ था। कंपनी ने अपने बयान में कहा कि शुद्ध मुनाफे में कानूनी दावे के लिए 1,218 करोड़ रु पये के रखे गए प्रावधान को शामिल नहीं किया गया है। अगर इस आंकड़ा को शामिल किया जाए तो सितंबर 2020 में शुद्ध लाभ 7,475 करोड़ रुपये रहता। पिछली तिमाही की तुलना में कंपनी का शुद्ध मुनाफा 6.8 फीसदी बढ़ा है। कंपनी की आय 2021-22 की जुलाई-सितंबर तिमाही में 46,867 करोड़ रुपये रही जो एक साल पहले इसी तिमाही में 40,135 करोड़ रुपये से 16.8 फीसदी अधिक है।

www.aakriti.com
aakriti
Shaping happiness




NAVRATRI SPECIAL OFFER
₹35.40* lakh now in ₹26.40* lakh
₹21.25* lakh now in ₹16* lakh
Just pay 50% of the amount at the time of booking and the remaining 50% within a year.
Rera Registration No. P-BPL-17-1391

START YOUR OFFICE OR A FOOD COURT AT PRIME LOCATION OF BHOPAL: AAKRITI ECO-CITY

A place in Bhopal that offers you Premium Shops, Commercial Spaces and Luxurious Residence at the same place.
■ GOOD VISIBILITY WITH A 3 SIDE ROAD FACADE. ■ DOUBLE BASEMENT PARKING

Owing to its excellent infrastructure and strategic location, Aakriti Eco-City, E-8 Extension, Bhopal has emerged as one of the most coveted destinations for investors and businesses alike. Now, with the arrival of the prestigious Aakriti Business Arcade, the region is poised for a new age of prosperity, Invest in Aakriti Business Arcade and experience the true potential of Bhopal's most promising location.

A great location | 80 feet wide road | Catchment of thousands of families

aakriti eco-city
A Township Integrated with Nature
Call: 9907-088-088

aakriti Business Arcade
an elite business address

Most Promising Group of the Year by FMPCCI
Aakriti chosen as the most Preferred Brand According to consumer survey report - MRG 2016.
INDIA'S NO. 1 BRAND

Site Address: Aakriti Business Arcade, Aakriti Eco-City, E-8 Extension, Bhopal
Corporate Office: AG8 Ventures Ltd. Aakriti House, Aakriti Eco-city, E-8, Extension, Bhopal-462026

Aakriti Eco-City Township ranked 24th amongst the cleanest township of India.

*Terms & Conditions Apply.

इंटीग्रेटेड ट्रेड डेव्हेलपमेंट सेंटर न्यूज़ के लिए मालिक, मुद्रक एवं प्रकाशक राधिका वीरेंद्र, **स्वामी- इंटीग्रेटेड ट्रेड डेव्हेलपमेंट सेंटर इंडिया ईप्रेस** ने साई प्रिंटर्स, 91, जहांगीराबाद, भोपाल से मुद्रित करवा कर, श्री परिसर, 23 पश्चिम निशातपुरा, डीआईजी बंगला, भोपाल से प्रकाशित किया। संपादक- राधिका वीरेंद्र*
आरएनआई क्र. MPHIN/2018/77221, 0755-4223334 *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।